खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम:21°C

लखनऊ, मंगलवार 12 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 185 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 24 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मंत्रिमंडल विस्तार का सकारात्मक असर आमजन के जीवन पर पड़े, तो बेहतर: माया पेज 2




अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज पेज 12

# टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं।'

टीएमसी ने दावा किया है कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। चुनाव आयोग अधिवक्ता डीएस नायडू ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मतदाता सूची संशोधन के दौरान वोट जोड़ने या हटाने के खिलाफ अपीलों के लिए ही चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मेरे एक उम्मीदवार 862 वोटों से हारे, जबकि दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,550 वोट हटा दिए गए थे। ऐसी 31 सीटें हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम था। हालांकि लिस्ट नहीं दी। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों, वोट हटाने आदि के बारे में जो भी कहना है, उसके लिए अलग अंतरिम आवेदन दाखिल करना होगा। चुनाव आयोग जो यह कह रहा है कि चुनाव याचिका ही उपाय है, वह अपनी जवाबी हलफनामे में यह बात रख सकता है।

**दीदी की दलील**

- यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा नई याचिकाएं लगाएं



## हाईकोर्ट में पेंडिंग जमानत अर्जियों पर शीर्ष कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट, राज्य सरकारें और जांच एजेंसियां मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार करें, जिससे जमानत मामलों का समय पर फैसला हो सके।

**जल्द सुनवाई के लिए आटोमैटिक लिस्टिंग सिस्टम बने, तय समय में हो फैसला**



# देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए है पीएम की अपील

## देश में सभी तरह के ईंधन व ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गई है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठाएं और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं जिससे कि देश पर निरंतर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है, जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाए हैं और घरेलू उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया हुआ है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी सफाई

### प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने पीएम मोदी के हालिया संबोधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को त्याग और बचत की सलाह देना सरकार की विफलता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि मोदी जी ने रविवार को जनता से त्याग मांगे, सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो और घर से काम करो। ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की स्थिति ऐसी हो गई है कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना है और क्या नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल दी जाती है ताकि सरकार खुद जवाबदेही से बच सके।

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

कोलकाता, वार्ता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत- बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे। चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसे 45 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना समेत केंद्र की सभी योजनाएं जल्द ही लागू होंगी। उज्ज्वला योजना से जुड़ी सभी लंबित याचिकाएं केंद्र के पास भेजी गई हैं।



- सुवेंदु सरकार का फैसला, नए आपराधिक कानून लागू होंगे, आयुष्मान पर भी काम शुरू

### सुवेंदु कैबिनेट के विभागों का बंटवारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया है। सोमवार को हुई इस अहम घोषणा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बंटवारे में दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल जैसे बड़े चेहरों को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, जिससे राज्य के विकास की रूपरेखा तय होगी।

**दिलीप घोष बने पंचायत मंत्री, अग्निमित्रा को भी अहम मंत्रालय**

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर देश में सबसे गर्म, पारा 46.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। रविवार को चारों राज्यों के 9 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान का बाड़मेर 46.8 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में तापमान 46.3डिग्री सेल्सियस और फलोदी में 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य प्रदेश के रतलाम में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल में 40.4 डिग्री सेल्सियस में 42 डिग्री सेल्सियस जैसी झुलसाने वाली गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 मई को तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, गुजरात के राजकोट में 44.3 डिग्री सेल्सियस और अमरेली में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के कारण हीटवेव चली।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद में 88 घंटे दौड़े सैनिक

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वायु सेना ने यहां 88 घंटे की ऑपरेशन सिंदूर यादगार दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ के माध्यम से भारतीय वायु सेना के 88 घंटों के सफल हवाई अभियानों की पहली वर्षगांठ मनाई गई, जिसने निर्णायक और सटीक हमले की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौड़ को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के समय 6 मई को देर रात एक बजकर पांच मिनट पर इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका समापन ऑपरेशन सिंदूर रोके जाने के समय 10 मई शाम पांच बजे एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली में हुआ।

### यूएई से भारतीयों की वापसी पर बात नहीं की : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मीडिया में आई इन खबरों का खंडन किया है जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एक समझौते पर विचार विमर्श का दावा किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने फैक्ट चैक हैंडल पर कहा है कि इस तरह की रिपोर्ट निराधार है और अभी भारतीय नागरिकों को यूएई से निकालने की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत और यूएई फुजैरा के रास्ते लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

### भारत-श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो आज भी दोनों देशों की मित्रता की मजबूत नींव बने हुए हैं। बिरला ने संसद भवन में सोमवार को श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# वैज्ञानिक देश के गौरव व स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं।

- पीएम ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया

### प्रियंका ने नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक की आशंकाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा शासन में पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है।

# आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में अदालत से बड़ी कानूनी राहत मिली है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मुकदमे में बाद में जोड़ी गई धाराओं में उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

हालांकि, इसके बावजूद आजम खां फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे, क्योंकि वह अन्य मामले में सजा काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह मामला जौहर यूनिवर्सिटी के आसपास स्थित शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में कलक्ट्रेट रिकॉर्ड रूम में तैनात सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में आरोप लगाया गया कि विभाजन के दौरान पाकिस्तान चले गए इमामुद्दीन कुरैशी की संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था, लेकिन बाद में कथित रूप से रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर अन्य नाम दर्ज कर दिए गए। मामले की जांच के दौरान रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों में छेड़छाड़ और कई पन्ने फटे मिलने की बात भी सामने आई।



- अदालत से बढ़ी हुई धाराओं में मिली जमानत

### बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में तीन गिरफ्तार-

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्प शूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

# एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगा जी राम जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### भारत -जी राम जी अधिनियम की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम को सोमवार को अधिसूचित कर दिया है और इसे एक जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए सरकार ने सोमवार को विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी मनरेगा), 2005 उसी तिथि से निरस्त माना जाएगा। यह भारत के ग्रामीण विकास ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित (इंटीग्रेटेड), भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) आधारित ग्रामीण परिवर्तन के नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। यह बढ़ी हुई गारंटी आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने, ग्रामीण आय में वृद्धि करने तथा ग्राम स्तर पर सतत विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से लाई गई है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों को उनकी रोजगार मांग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा न होने की स्थिति में श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे। यह अधिनियम समयबद्ध और पारदर्शी मजदूरी भुगतान पर विशेष बल देता है। मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में किया जाता रहेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा मस्टर रोल बंद होने के पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो श्रमिक विलंब क्षतिपूर्ति (मुआवजा) पाने के पात्र होंगे। सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 95,692.31 करोड़ का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए बजट अनुमान चरण में अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। राज्यों के संभावित राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यह आवंटन ग्रामीण अवसंरचना विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा ग्रामीण आय में वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** कोलकाता से जम्मू जा रही गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर एस-2 में एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार और सोमवार की रात करीब दो बजे जब ट्रेन वाराणसी जंक्शन पहुंची, तब शव को नीचे उतारकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बिहार के गया जिले के निवासी दिनेश शाह अपनी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ सीतापुर जा रहे थे। वे गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता -जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस-2 बोगी में यात्रा कर रहे थे, जबकि उनकी बहन और रिश्तेदार जनरल कंपार्टमेंट में सवार थे। रविवार रात करीब 1:30 बजे ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रवाना हुई थी। तभी बाथरूम के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिनेश शाह को गोली मार दी।

### दो दिन बाद तल्ख होंगे मौसम के तेवर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा सोमवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 11 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, पूर्वी यूपी में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश देखने को मिल सकती है।

# चुनाव खत्म होते ही याद आया 'संकट'

## बीजेपी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बोला तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपाई अपनी कमाई के स्वर्णीकरण में लगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को 'संकट' याद आ गया।

उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा ही है और केंद्र सरकार की हालिया अपीलें उसकी आर्थिक व नीतिगत विफलताओं को उजागर करती हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं, तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के हाथ से आर्थिक व्यवस्था की लगाम छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और रुपया कमजोर होता जा रहा है। यादव ने सोने की खरीद को लेकर सरकार की अपील पर भी कटाक्ष किया। जनता तो वैसे भी डेढ़ लाख तोले का सोना खरीदने की स्थिति में नहीं है, बल्कि भाजपा के लोग ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। इसकी जानकारी लखनऊ से लेकर गोरखपुर और अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक ली जा सकती है।

### सपा विस चुनाव को लेकर बदलेगी अपनी रणनीति

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों और चुनावी प्रक्रिया के विश्लेषण के बाद समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक रणनीति में बड़ा बदलाव का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार सपा अब राजनी. तिक सलाहकार कंपनियों की बजाय अपने पारंपरिक संगठन तथा जमीनी कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा करेगी। अब फोकस मतदाता सूची की निगरानी और बूथ स्तर की तैयारी पर रहेगा। चुनाव जीतने में केवल जनसभाएं और आंदोलन ही पर्याप्त नहीं हैं।

# सहारनपुर विवाद पर मायावती चिंतित, निष्पक्ष कार्रवाई हो

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मामला ताकत की बजाय कानूनी तरीके से सुलझाएं

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सहारनपुर जिले के लालवाला गांव में हुई हिंसा पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा, सहारनपुर के एक गांव में एक भूमि पर मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में संघर्ष में बदल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में दलित समाज के कई लोग घायल हुए हैं। बसपा अध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन से मामले में तत्काल तथा निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कप्ल प्रशासन को हालात पर पूरी तरह नियंत्रण रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने दोनों पक्षों से भी संयम बरतने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामले को ताकत के बजाय कानूनी तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में तनाव न बढ़े और शांति कायम रह सके। गौरतलब है कि सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के लालवाला गांव में 9-10 मई को लगभग दो बीघा जमीन पर कब्जे और कथित तौर पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हुई।

पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना के बाद गांव में सुरक्षा बलों को तैनात कर निगरानी बढ़ा दी है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मंत्रिमंडल विस्तार का असर आमजन पर पड़े

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे। मंत्रियों की पहली जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सभी वर्गों को न्याय व सुरक्षा का एहसास कराना है। बसपा सुप्रीमो ने हाल ही में ब्राह्मण समाज से जुड़े भाजपा के नेता पर हमले का भी जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद प्रदेश में ब्राह्मण समाज की सुरक्षा को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद: योगी

# सनातन को मिटाने वाले मिट्टी में मिल गए

वाराणसी, वार्ता



■ भारत की चेतना में बसता है सनातन और चेतना अजर-अमर है सोमनाथ देश की जड़ों को जोड़ने का प्रयास

सीएम योगी ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार होते देख रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका साकार रूप भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सुंदरीकरण और वहां आयोजित कार्यक्रमों के साथ ही काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, श्री अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण समेत अनेक सनातन परंपरा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों को अपने वैभव के साथ विकास की नई यात्रा पर आगे बढ़ते देख रहे हैं। योगी ने कहा कि इन सभी की प्रेरक शक्ति भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन करता हूं। आज का यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का एक शंखनाद है। उन्होंने कहा कि सनातन तो भारत की चेतना में बसता है और भारत की यह चेतना अजर-अमर है। इसी का शाश्वत शंखनाद हम सभी के सामने निरंतर गूंजता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, आज वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन हमें भारत की जड़ों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और अन्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मिट्टी में मिल चुके आक्रांताओं का नाम भी कोई लेने वाला नहीं है। लेकिन आज भी ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत के इस आत्मगौरव के प्रतीक, स्वाभिमान के प्रतीक इन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों को स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ते नहीं देखना चाहतीं।

### बीजेपी के जिलाध्यक्षों की बैठक आज

**लखनऊ।** यूपी में रविवार को योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट विस्तार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने 2027 का चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जिसके बाद अब पार्टी आगे की तैयारी में जुट गई हैं। बीज. पी 12 मई को यूपी बीजेपी जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई हैं। इस बैठक में प्रदेशभर के सभी 98 जिलाध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए गए है। इस बैठक का एजेंडा क्या होगा, इसे लेकर आज क्षेत्रीय अध्यक्ष बैठक करेंगे और आगे रणनीति तय करेंगे। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि सभी को इस बैठक में रहना आवश्यक होगा। खबरों के मुता. बिक इस बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए भविष्य की योजनाओं और अभियानों पर मंथन होगा और रणनीति तैयारी होगी। इसके अलावा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा भी की जा सकती है। यूपी जिला अध्यक्षों की बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी करेंगे। इस बैठक में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहेंगे। बंगाल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर है।

# मोदी सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर किया हमला

नई दिल्ली, वार्ता



अब मनमाने तरीके से तय होगी मजदूरी

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर पांच राज्यों के विस चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने कायरतापूर्ण तरीके से 8 और 9 मई 2026 को गजट अधिसूचनाओं के जरिए इन श्रमिक विरोधी कानूनों को लागू किया।

खड़गे ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि ये कानून करोड़ों मजदूरों के लिए हायर एंड फायर, रोजगार और यूनियन अधिकारों में कटौती का रास्ता खोलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी व्यापक चर्चा और श्रमिक संगठनों से सलाह-मशविरा किए इन कानूनों को लागू किया। उन्होंने कहा कि 2015 के बाद से भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं बुलाया गया और ये श्रम संहिताएं केवल प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। वेतन संहिता, 2019 के तहत न्यूनतम मजदूरी तय करने के पुराने मानकों को खत्म कर दिया गया है, जिससे मजदूरी मनमाने तरीके से तय हो सकेगी।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76015.28 | सोना | 150277 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी | 23815.85 | चांदी | 255300 प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में गिरावट, सूचकांक एक महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 1,312.91 अंक लुढ़ककर 76,015.28 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 23,815.85 अंक पर रहा।

यह दोनों सूचकांकों का एक महीने से अधिक का निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयातित वस्तुओं का खरीद करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील के बाद बाजार में विदेशी मुद्रा भुगतान संबंधी चिंता स्पष्ट दिखी। सोना कम खरीदने की उनकी अपील से ज्वेलर्स कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। अनावश्यक विदेश यात्रा न करने की सलाह से विमान सेवा कंपनियों के शेयर भी साढ़े चार प्रतिशत टूट गए। कल्याण ज्वेलर्स का शेयर बीएसई में सबसे अधिक नौ प्रतिशत लुढ़क गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में तनिष्का ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी टाइटन का शेयर सात प्रतिशत के करीब टूट गया। इंडिगो और भारतीय स्टेट बैंक में साढ़े चार प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना गिरकर 1.50 लाख पर , चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 801 रुपए गिरकर 1,50,277 पर आ गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 300 रुपए कम होकर 2,55,300 रुपए पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सालभर तक घर में कोई भी कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। क्योंकि ऐसा करने से विदेशी मुद्रा बचेगी। दरअसल हमें सोना डॉलर में दूसरे देशों से मंगवाना पड़ता है, डॉलर महंगा होने से इस पर खर्च बढ़ जाता है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# विदेशी मुद्रा बचाएं, हम पश्चिम एशिया संकट के बीच जीतेंगे: वैष्णव

नई दिल्ली, वार्ता

■ भारतीय उद्योग परिसंघ के व्यापार सम्मेलन में बोले रेल मंत्री

■ दो देशों के युद्ध का असर पूरी दुनिया पर है, भारत का इसमें दोष नहीं

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की प्रधानमंत्री की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए सोमवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया संकट के बीच विजेता बनकर उभरेगा।

श्री वैष्णव ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि आज दो देशों के बीच युद्ध का असर पूरी दुनिया और भारत झेल रहा ह, जिसमें हमारी कोई गलती नहीं है। इसका कारण यह है कि हम ऊर्जा के अपने बड़े हिस्से के लिए आयात पर निर्भर हैं। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में गत 28 फरवरी से जारी संकट के कारण कई देशों में ईंधनों की कीमत काफी बढ़ गई है लेकिन भारत ने उसे अबतक नियंत्रित रखा है। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने रविवार को लोगों से अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने, सोने की गैर-जरूरी खरीद न करने और ईंधन की बचत करने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक नागरिक के तौर पर हम हर उस खपत में कटौती कर सकते हैं जिसके लिए देश की विदेशी मुद्रा खर्च करनी होती है। साथ ही हम विदेश मुद्रा की कमाई बढ़ाने पर फोकस कर सकते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि चुनौती कितनी भी बड़ी हो भारतीय अर्थव्यवस्था छह-आठ प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी, मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहेगी क्योंकि हमारा विकास लंबे समय तक कायम रहने वाला विकास है, हम इस संकट के बीच विजेता बनकर उभरेंगे। उन्होंने उद्योग जगत से आशंकाओं को परे रखकर निवेश करने और भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने की अपील की।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# आईआईटी शोधकर्ताओं ने बूंदों को नियंत्रित करने की तकनीक खोजी

■ गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु तथा जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूबेक के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर लेजर पल्स की सहायता से तरल बूंदों की दिशा, गति और विखंडन को सटीक रूप से नियंत्रित करने की नई तकनीक विकसित की है।

यह शोध प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुआ है। आईआईटी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह अध्ययन लेजर और पदार्थ के बीच होने वाली जटिल अंत: क्रियाओं को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शोध के परिणाम लक्षित दवा वितरण, इंकजेट प्रिंटिंग, लेजर आधारित निर्माण तकनीक तथा बायोमेडिकल अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोल सकते हैं। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में प्रदर्शित किया कि सूक्ष्म तरल बूंदों को लेजर की सहायता से आगे, पीछे अथवा विभिन्न दिशाओं में नियंत्रित रूप से संचालित किया जा सकता है। इसके लिए बूंद की स्थिति को लेजर फोकस के अनुरूप समायोजित किया गया तथा लेजर पल्स की ऊर्जा को नियंत्रित किया गया। शोध टीम ने हाई-स्पीड इमेजिंग, ऑप्टिकल मॉडलिंग और मल्टीफेज न्यूमेरिकल सिम. ुलेशन का उपयोग करते हुए ष्प्लेसमेंट-एनर्जी मैप्सष विकसित किए हैं। ये मैप्स विभिन्न लेजर परिस्थितियों में बूंदों के व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम हैं।

# चुनाव खत्म, ज्ञान देने लगे पीएम मोदी

## पेट्रोल-डीजल का कम करने के लिए आप ने बोला हमला

नई दिल्ली, वार्ता



आम आदमी पार्टी ने देशभक्ति के नाम पर लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाने का तेल, गैस काम इस्तेमाल कम करने की सलाह देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही वह लोगों को पेट्रोल, डीजल, गैस, तेल का इस्तेमाल कम करने और सोना नहीं खरीदने का ज्ञान देने लगे हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि दो महीने से सरकार जनता का बोझ उठा रही थी लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है तो अब वे बोझ नहीं उठाएंगे। पांच राज्यों का चुनाव जब तक हो रहा था, तब तक उन्होंने जनता का बोझ उठा लिया। अब वह कह रहे हैं कि पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल कम कीजिए। एक साल तक कोई भी शादी या समारोह हो तो सोना न खरीदिए और खाने के तेल का भी इस्तेमाल कम कीजिए। यह सारा ज्ञान चुनाव भर प्रधानमंत्री को याद नहीं आया। तब वह कह रहे थे कि कोई कमी नहीं है, पूरा भंडार भरा हुआ है और कोई समस्या नहीं है। लेकिन जैसे ही पांच राज्यों के चुनाव खत्म हुए, नरेन्द्र मोदी के कंधे झुक गए। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी ने व्यवसायिक सिलेंडर का दाम 993 रुपये बघ दिया, जिसे रेहघी वाले, चाय वाले और छोटी-छोटी दुकान वाले इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर का दाम भी 261 रुपये बघ दिया गया, जिसे छात्र, मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब लोग इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री लगातार जनता पर इस तरह से महंगाई का बोझ डालते जा रहे हैं। देश को सोचना होगा कि उसे कब होश आएगा और वह कब इन सवालों पर सरकार से जवाब मांगेगा? आप नेता ने कहा कि चुनाव भर जनता का इस्तेमाल किया जाता है। कभी उनके खाते में 10 हजार रुपये डाल दिए जाते हैं और उसके बाद पटना की सघ्कों पर नौजवानों को डंडों से पीटा जाता है। चुनावों में जनता से कहा जाता है कि न तेल की कमी है और न गैस की, लेकिन चुनाव खत्म होते ही गैस के दाम बघ दिए जाते हैं। जनता को सलाह दी जा रही है कि तेल का इस्तेमाल कम करें।

### शाह के साथ बैठक में राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाएंगे : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने, कामकाज के नियमों, आरक्षण से जुड़े मामलों और अन्य प्रशासनिक मुद्दे उठाएंगे। श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक ओर जहां राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा एक बार फिर उठाने की बात कही, वहीं दूसरी ओर उनके एजेंडे में शासन से जुड़े कई अन्य मामले भी शामिल हैं। अगर हमें किसी एक बैठक से ही राज्य का दर्जा मिल जाता, तो हमें यह बहुत पहले ही मिल गया होता। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। वह गृह मंत्री से प्रशासन के कामकाज के नियमों, महाधिवक्ता के पद से जुड़े मुद्दों और आरक्षण के मामले पर भी चर्चा करेंगे।

# फर्जी पुलिस अफसरों के गिरोह का भंडाफोड़

■ दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिन्होंने कथित तौर पर यहां के पुलिसकर्मी बनकर राजस्थान के एक व्यक्ति से पैसे ठगे।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि विनय उर्फ मोंटी और कुलदीप सहित दो आरोपियों को एक नाबालिग के साथ हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है जबकि 33-50 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, एक बैग और अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की गई है। आरोपियों ने पीतमपुरा के पास शिकायतकर्ता को पुलिस अधिकारी होने का नाटक करते हुए रोका, बैग की जांच के बहाने उससे नकदी छीन ली और बाद में मोटरसाइकिल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि कई पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी निगरानी की, जिसके बाद हरियाणा के सोनीपत के गोहाना में आरोपियों का पता लगाया गया। राजस्थान का शिकायतकर्ता एक दोस्त के साथ अपने नियोक्ता की ओर से नकदी पहुंचाने दिल्ली आया था। वर्धमान प्लाजा बस स्टैंड के पास एक ऑटो से उतरने के बाद तरुण एन्क्लेव के पास गुजरते समय दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्हें रोका और उनसे पूछताछ करने के बाद उनका बैग छीन लिया।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बाद में पुलिस को बताया कि बैग में वास्तव में 50 लाख रुपये नकद थे।

# तारीख पर तारीख : सरकार-पुलिस जिम्मेदार

## न्यायिक व्यवस्था को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर से जुड़ी एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था पर चिंता जताई है और बेहद कड़ी टिप्पणी की है। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की सिंगल बेंच ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अदालती मामलों में होने वाली देरी के लिए केवल न्यायिक अधिकारी ही नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन और सरकार भी जिम्मेदार है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार, पुलिस तंत्र और कमजोर जांच प्रणाली इस देरी के बड़े कारण हैं। अध्ययन का हवाला देते हुए कोर्ट ने माना कि जिला न्यायालयों में आपराधिक मामलों के लंबित रहने की मुख्य वजह मिनिस्टीरियल स्टाफ, स्टेनोग्राफर और बयान लिखने वालों की भारी कमी है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा अदालती प्रक्रियाओं का सही पालन न करना और फारेंसिक रिपोर्ट मिलने में होने वाली देरी न्याय की गति को धीमा कर देती है। कोर्ट ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा- उनके पास अदालती प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए कोई असरदार मानिटरिंग सिस्टम नहीं है। हाईकोर्ट ने इस बात पर भी



नाराजगी जताई कि जिला जज की अध्यक्षता में होने वाली मासिक मानिटरिंग सेल की बैठकों में जिला पुलिस प्रमुख और पुलिस कमिश्नर खुद शामिल नहीं होते, बल्कि अपने प्रतिनिधियों को भेज देते हैं। कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यवस्थागत देरी के कारण कई अपराधी बिना किसी डर के अपराध करते रहते है और उनमें से कई विधायक, सांसद और मंत्री तक बन जाते हैं। कोर्ट ने यह भी चिंता जताई कि उत्तर प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा- आज की तारीख में उत्तर प्रदेश सरकार के 49 प्रतिशत मंत्रियों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं, जिनमें से 44 प्रतिशत पर संगीन मामले हैं। कोर्ट का मानना है कि अगर जिला न्यायपालिका को पर्याप्त स्टाफ और पुलिस का सही सहयोग मिले, तो मामलों का निपटारा तेजी से होगा। इससे अपराधी सलाखों के पीछे होंगे, बेगुनाहों को क्लीन चिट मिलेगी और साफ छवि वाले लोग राजनीति में आगे आएंगे। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि एक स्वतंत्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था लोकतंत्र की रीढ़ है, लेकिन यदि न्याय व्यवस्था बुनियादी जरूरतों और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए राज्य सरकार की दया पर निर्भर रहेगी, तो यह किसी संघर्ष करते हुए सरकारी विभाग जैसी बनकर रह जाएगी।

# सीएम योगी से परिषद नेता तिवारी ने की मुलाकात

**लखनऊ ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य से मुलाकात कर प्रदेश कार्मिकों की समस्याओं के सम्बंध में व्यापक चर्चा करते हुए कर्मचारी संगठनों और मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव कार्मिक स्तर पर तमाम आदेशों के बावजूद बैठक न होने का पत्र सौंपा।

इस दौरान उन्होंने बताया कि तत्कालीन अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी के दिल्ली जाने के बाद अब तक किसी भी तरह की बैठक न होने के कारण छोटी छोटी समस्याओं का निदान नही हो पा रहा है। उन्होने कर्मचारी संगठनों की समस्याओं से सम्बंधित पत्र सौपते हुए मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया कि अतिशीघ्र शासनादेश के माध्यम से कराने का अनुरोध किया गया। बैठक में पं. दीनदयाल उपाध्याय कैसलेश योजना 2016 में तमाम आन्दोलनों और एनेक्सी घेराव आदि के बाद नियमावलल बनाई गई थी। जो आज तक की सबसे अच्छी नियमावाली है। इसे तोड़ मरोड़ कर आयुष्मान योजना से जोड़कर वर्ष में मात्र 5.00 लाख रूपये तक के इलाज को सीमित कर दिया गया है। जबकि यह गम्भीर रोगों जैसे कैंसर, ट्रान्सप्लान्ट, ब्रेन हेमरेज, घुटना प्रत्यारोपण, लीवर आदि का अनलिमिटेड इलाज हेतु योजना बनाई गई थी। इसका ही पालना यिका जाना चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने मां-बेटी को लाठी डंडों से मारपीट कर किया घायल

**गोण्डा ।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर गांव के पंडित हाता निवासी रासज कुमारी ने बताया कि गांव के एक युवक की बेटी के घर से कहीं चली गई थी। जिससे नाराज हो कर रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे उक्त युवक अपने परिवार के दो लोगों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बेटी मधु को भी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में मां-बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर जान से मारने की धमकी भी देते गए।

### किशोरी लापता युवक पर अपहरण का केस दर्ज

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज में घर से निकली किशोरी हुई लापता।पिता की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज। गोरखपुर जनपद के गगहा थाना क्षेत्र निवासी युवक ने नवाबगंज थाने पर दी गई बताया कि वह थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए का कमरा लेकर परिवार सहित रहता है। रविवार की सुबह करीब नौ बजे उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी घर से निकली थी।काफी समय गुजरने के बाद भी वापस नहीं आने पर उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। युवक ने बताया कि बहराइच जिले के नानपारा निवासी शिवा नाम का लड़का उसकी बेटी से फोन पर बातचीत करता रहता था। उसी ने उसकी बेटी को शादी करने की नीयत से अगवा किया है।

### पुलिस के हाथ लगे लूट के दो आरोपी

**प्रयागराज।** कीडगंज पुलिस ने चाकू दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये आरोपियों के पास से लूट की बाइक और अन्य सामान बरामद हुए। पूरामुफ्ती मादपुर निवासी आरोपी पंकज कुमार पटेल उर्फ सिकंदर और राज. कुमार उर्फ अंकल के पास से पुलिस ने लूटी गई बाइक, दो मोबाइल फोन और 370 रुपये बरामद किए हैं। कीडगंज थाना प्रभारी प्रीतम तिवारी ने बताया कि उपनिरीक्षक प्रिंस राठी, संदीप यादव व भूपेंद्र यादव की टीम ने परेड ग्राउंड में बने पुल के नीचे से दोनों को पकड़ा।

### स्कूलों में लगेगा भाषा शिविर

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषदीय व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 13 से 19 मई तक भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर लगेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत बहुभाषावाद को बूस्ट देने के लिए यह आयोजन हो रहा है। जिसके लिए जनपद की स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी ली जाएगी। शिविर में भारतीय सांकेतिक भाषा को एक नए आकर्षण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को अपनी पसंद की भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई शिक्षा नीति में इस तरह की गतिविधियां प्रस्तावित हैं। इसी क्रम में यह आयोजन होगा।

# होम डिलीवरी चार्ज वसूलने के बाद भी एजेंसी नहीं देती होम डिलीवरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यालय से सटे कस्बा खीरी में भारत गैस की खीरी भारत गैस एजेंसी संचा. लित है हजारों की तादात में खीरी में भारत गैस के उपभोक्ता है इस समय घरेलू सिलेंडर 949 का है लेकिन उपभोक्ता जब 950 देता है तो एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ता को एक रुपया वापस नहीं देते।


इस तरह से एजेंसी सरकार द्वारा निर्धारित कीमत से ज्यादा पैसे ले रही है, 949 रुपए में एजेंसी का होम डिलीवरी चार्ज भी शामिल है लेकिन इसके बाद भी एजेंसी उपभोक्ताओं के घरों पर सिलेंडर की डिलीवरी नहीं करती है, उपभोक्ताओं को एजेंसी के द्वारा एक तय स्थान पर ही सिलेंडर लेने जाना पड़ता है, डीहपुर, कटरा, सैय्यदवाडा, पट्टी रामदास आदि मोहल्ला के उपभोक्ताओं को एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर वितरण स्थल की दूरी ज्यादा पड़ती है। एजेंसी पर महिला उपभोक्ताओं के लिए कोई अलग से लाइन नहीं है पुरुषों की लाइन में लग कर वो अपना कार्य करवाती है जिससे महिलाएं अपनी को असहज महसूस करती है।डी ए सी कोड के नाम पर भी उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न किया जाता है कभी नेटवर्क समस्या या तकनीकी खराबी के चलते कोड जल्दी नहीं आता है और उपभोक्ताओं को एजेंसी वाले गैस नहीं देते है सुबह 5 बजे से ही लाइन लगने के बाद उपभोक्ताओं को मायूस होकर बिना गैस लिए वापस जाना पड़ता है।

# श्रीराम हनुमत महोत्सव के पोस्टर का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण नवमी, सोमवार 11 मई को अपने आवास परिसर में श्रीराम हनुमत महोत्सव 2026ह के पोस्टर को जारी कर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की औपचारिक घोषणा की।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित विवेक पाण्डेय को इस भव्य अनुष्ठान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। हनुमत सेवा समिति द्वारा श्रीराम हनुमत महोत्सव का आयोजन 16 और 17 मई 2026 को किया जा रहा है। यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान बलरामपुर गार्डन परिसर में सायं 4रू30 बजे से रात्रि 10रू00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक समारोह में कृष्ण कुमार चौरसिया के विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय का दिव्य दर्शन




करवाया जाएगा।संयोजक विवेक पाण्डेय ने बताया कि मंच का प्रभावी संचालन प्रेम कान्त तिवारी द्वारा किया जाएगा। 16 मई को सायं 4रू30 बजे मंगलाचरण के उपरांत सायं 5रू00 बजे मुम्बई के विश्व विख्यात भजन गायक श्री प्रेम प्रकाश दुबे द्वारा हनुमान चालीसा का 21 स्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके उपरांत सायं 7.15 बजे नैमिषारण्य, सीता. पुर के प्रख्यात कथावाचक कपिल शास्त्री द्वारा ष्और देवता चित्त न धरई, हनुमंत सेई सर्व सुख करईष विषय पर विलक्षण व्याख्यान दिया जाएगा।

**■ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण नवमी पर अनुष्ठान की औपचारिक घोषणा की**

रात 8.00 बजे विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए विभिन्न विभूतियों को ष्हनुमंत कृपा सम्मानष प्रदान किया जाएगा।इस क्रम में 17 मई को भी पहले दिन की ही तरह सायं 4.30 बजे मंगलाचरण होगा। कैसरबाग स्थित श्री बजरंग टायर्स एवं श्री बजरंग लैंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन प्रवेश कुमार सिंह नन्दू भइया, अलीगंज स्थित एम.डी. कुक्ड किराना स्टोर के राजेश पाठक, मित्तल मिशन ठाकुरगंज के मित्तल मिशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय मित्तल, सदर चौराहा स्थित गायत्री मिष्ठान भण्डार के निदेशक सुनील कुमार वैश्य, चौक स्थित कनक मार्केट के बीना इंटरप्राइजेज के अनुराग कपूर एवं राजीव टंडन, सुंदर मेडिकल स्टोर के चेयरमैन अजय कुमार अग्रवाल, इंदिरानगर स्थित नवयुग इंटरप्राइजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर शशि प्रकाश सिंह ने भी भंडारे, प्रसाद एवं छप्पन भोग आदि में सहयोग दिया है।

# चार माह में कसी अपराधों पर लगाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोण्डा।** जिले के वजीरगंज थाने में तैनात थानेदार ने अबतक के अपने चार माह के कार्यकाल में थानाक्षेत्र में विभिन्न तरह के अपराधों पर प्रभावी लगाम लगाने में कामयाबी पाई है।

बता दें कि,फरवरी माह में तैनाती के बाद से ही कस्बे में हुई एक बड़ी चोरी की वारदात ने थानेदार विपुल कुमार पाण्डेय के सामने बड़ी चुनौती पेश कर दी थी।लेकिन चोरी की इस बड़ी घटना का शीघ्र खुलासा करते हुये अधिकांश माल की बरामदगी के साथ वजीरगंज पुलिस ने उच्चाधिकारियों का थानेदार पर भरोसा सही साबित कर दिया।




इसके बाद वजीरगंज पुलिस ने विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाइयां करते हुये उच्चाधिकारियों के भरोसे को और मजबूती दी। वजीरगंज थानाध्यक्ष ने थानाक्षेत्र के एक्टिव अपराधियों पर नकेल कसने की कवायद में जहां एक को गैंगस्टर व दो की हिस्ट्रीशीट खोली वहीं दो को गुण्डा एक्ट में निरुद्ध कर प्रशासन द्वारा गुण्डा घोषित दो को जिलाब. दर कराया तथा छह लोगों को हाजिरी हेतु आदेशित किया। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वजीरगंज पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के थानाक्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध थानाक्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बड़ी छापेमारी की कार्रवाई की।जिसमें चार माह में 16 मुक. दमों में 17 आरोपियों पर कार्रवाई के साथ लगभग 300 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने के साथ लगभग 700 कुंतल लहन नष्ट करते हुये थानाक्षेत्र में अवैध कच्ची शराब की कमर तोड़ दी। वजीरगंज पुलिस ने चार माह और उससे पूर्व हुये नकबजनी के तीन वाहनचोरी के दो पशु चोरी चार बड़े मामलों का खुलासा किया।

### पत्रकार चित्रांशी यादव की माताश्री का स्वर्गवास

**प्रयागराज।** दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र भारत की जिला प्रभारी चित्रांशी यादव की माता का स्वर्गवास होने से परिवार में शोक की लहर दौड गई। उनके निधन की सूचना मिलते हुए भारी संख्या में पत्रकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि और हितमित्र पहुंचे और अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके साथ ही शो. ककुल परिवार की मन: शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, राम बाबू, कुन्दन श्रीवास्तव आदि पत्रकार एवं अन्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर टावर पर चढ़ी युवती

**प्रयागराज।** जिले के गंगापार इलाके के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सम्हई गांव में सोमवार सुबह एक युवती करीब 30 फीट ऊंचे मोबा. इल टावर पर चढ़ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची।

करीब चार घंटे बाद उसे नीचे उतारा जा सका। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि जमीन के विवाद में सुनवाई न होने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। उसकी पहचान वंदना पुत्री फूलचंद निवासी ममई थाना नवाबगंज के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह करीब 9 बजे गांव के कुछ लोगों ने युवती को टावर पर चढ़ा देखा। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। युवती टावर के ऊपरी हिस्से पर बैठी हुई थी, जिसके चलते उससे काफी देर तक कोई संपर्क नहीं हो पाया। पुलिसकर्मियों ने प्रयास किया लेकिन वह उसे नीचे उतरने के लिए राजी करने में नाकाम रहे। इसके बाद फायर ब्रिगेड और फिर एसडीआरएफ को बुलाया गया।

# सातवें आसमान पर सूर्यदेव के तेवर

**प्रयागराज।** पिछले कुछ दिनों तक आंधी, बारिश और मौसम में बदलाव के बाद अब एक बार फिर गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर में सुबह से ही तेज और कड़क धूप निकल रही है, जिससे लोगों को उमस और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रयागराज का तापमान एक बार फिर 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। पिछले कुछ दिनों की तुलना में करीब 10 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अचानक बढ़ी गर्मी से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं और दोपहर के समय सड़कों पर भीड़ कम दिखाई दे रही है। हालांकि रात के समय चल रही ठंडी हवाओं से लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। दिन और रात के तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले एक से दो दिनों में फिर से मौसम बदलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# विलुप्त हो रहे अलगोजा वादन का अभिलेखीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक संगीत परंपराओं एवं विलुप्तप्राय लोक वाद्यों के संरक्षण एवं अभिलेखीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में संपदा कार्यक्रम के अंतर्गत विलुप्त हो रहे अलगोज़ा वादन का अभिलेखीकरण कार्यक्रम का आयोजन उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी स्टूडियो, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया।यह जानकारी उ0प्र0 लोक एवं जनजा. ति संस्कृति संस्थान के निदेशक श्री अतुल द्विवेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मथुरा के प्रसिद्ध लोक कलाक. र सुखवीर एवं हरप्रसाद द्वारा अलगोजा एवं चंग वादन की पारंपरिक शैली का प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने लोक वादन के




माध्यम से ब्रज क्षेत्र की सांगीतिक विरासत, लोक संवेदनाओं एवं पारंपरिक धुनों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।उन्होंने बताया कि अलगोज़ा वादन एवं लोक संगीत परंपरा पर केंद्रित एक विशेष साक्षात्कार भी आयोजित किया गया। कलाकारों का साक्षात्कार डा. शोभित नाहर, निदेशक, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा लिया गया। साक्षात्कार के दौरान अलगोज़ा वादन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी तकनीकी विशेषताओं, वर्तमान चुनौतियों तथा नई पीढ़ी तक इस लोक परंपरा को पहुंचाने की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की गई।

# दीवार से टकराई बाइक बाप-बेटी की मौत

**प्रयागराज।** मेजारोड-रामनगर मार्ग पर सोरांव गांव के सामने अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे घर की दीवार से जा टकराई। हादसे में पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि मृतक पिता का चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

मेजारोड- रामनगर मार्ग पर सोरांव गांव के सामने अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे घर की दीवार से जा टकराई। हादसे में पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि मृतक पिता का चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मेजा थाना क्षेत्र के पकरी सेवार गांव निवासी कोटेदार संजय सोनकर (35) तीन साल की बेटी लाडली और चचेरे भाई बहादुर (15) के साथ बाइक से बसहरा गांव में भतीजी की विदाई कराने गए थे। विदाई के बाद वह बेटी और चचेरे भाई के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मेजारोड के सोरांव गांव के सामने पहुंचे, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर की दीवार से जा टकराई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे मेजारोड चौकी इंचार्ज हरिओम सिंह ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बच्ची और चचेरे भाई को एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# चाहती है ये शगुफ्ता तेरा दर रोशन हो...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** तहसील बिसवां, सीतापुर में स्थित ऐतिहासिक मौजा सालार गंज के सालाना उर्स के मौके पर शानदार आल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली, देवबंद, लखनऊ, काकोरी और देश के विभिन्न हिस्सों से तशरीफ लाए शायरों ने अपने कलाम से सामईन को खूब महजूज किया।

रात गए तक चले इस मुशायरे की सदारत दिल्ली के वरिष्ठ शायर मोहन मुन्तज़िर ने की, जबकि निज़ामत के फ़राइज़ आसिम काकोरवी ने बखूबी अंजाम दिए। फख्र हिंदुस्तान फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस मुशायरे के आर्गेनाइज़र



आरिफ अलवी और कन्वीनर मोहम्मद आरिफ ने मेहमानों का इस्तकबाल शाल और फूल पेश कर किया। कार्यक्रम में रिज़वान अहमद बिल्डर और समाजसेवी सईद हाशमी मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर मौजूद रहे, भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम पटेल समेत कई सामाजिक हस्तियां मेहमान-ए-ज़ीवकार के रूप में शामिल हुईं। पेश किए चुनिंदा अशआर नज़र- ए-कारईन हैंकृ रंग-बिरंगे बाग में देखो जादू रोके बैठे हैं फूल खिले हैं लेकिन अपनी खुशबू रोके बैठे हैंह कृ मोहन मुन्तज़िर फसाद करके जो बैठे हैं अपनी कुर्सी पे उन्हें बताओ कि मौसम बदलने वाला है, कृ अकमल बलरामपुरी उम्र की आखरि मंज़िल पे पहुंचकर वालिद बोझ बन जाता है क्यों बोझ उठाने वालाह कृ यासीन इब्न उमर मुहब्बत में ये दिल मैं हार बैठा ये समझो कि शहादत हो गई है ¸ आसिम काकोरवी मशवरा मेरा ये है बार-बार रहना है मतलबी ज़माना है होशियार रहना है, कृ अमजद खान अमजद आप हैं साथ किसी शै की ज़रूरत कैसी है प्यार से बढ़कर भला और है दौलत कैसी है सना महमूदाबादी चाहती है ये शगुफ्ता तेरा दर रौशन हो मेरा दिल है कि तेरे हक में दुआ चाहता है। सुहैल आतिर, ग़फ़रान चलबली, सतीम रोशन, हाफिज अशफाक, अफ्फान सीतापुरी, गुलज़ार खैराबादी ने भी कलाम पेश किया। कन्वीनर मुशायरा मोहम्मद आरिफ ने सभ का शुक्रिया अदा किया। शगुफ्ता अंजुम ने गीत-ग़ज़लों से समां बांधा आल इंडिया मुशायरे में जहां सभी शायरों ने अपने उम्दा कलाम से दिल जीत लिया, वहीं युवा शायरा शगुफ्ता अंजुम ने अनोखी ग़ज़लों से सहर तारी कर दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आईफोन जीतने का झांसा देकर 4.80 लाख ठगे

## साइबर अपराधियों ने छात्र को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छात्र को व्हाट्सएप पर आई फोन 17 जीतने के मेसेज का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने 4 लाख 80 हजार की रकम ट्रांसफर करा ली। पिता ने जब खाता चैक किया तो उनके होश उड़ गये।

नगर के मोहल्ला काला कुआं निवासी अभिषेक त्रिवेदी की शिकायत के मुताबिक उनका बेटा रुद्र त्रिवेदी कक्षा नौ का छात्र है। जनवरी माह मे व्हाट्सएप पर आईफोन 17 जीतने से जुड़ा एक मैसेज मिला था। आरोप है कि साइबर अपराधियों ने इनाम दिलाने का झांसा देकर अलग अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क किया। बाद में क्यूआर कोड भेजकर रकम ट्रांसफर करानी शुरू कर दी। छात्र लालच में आकर उन्हें रकम भेजता रहा। दरअसल छात्र के पास अपना मोबाइल नहीं था। उसने इस काम के लिए पिता का मोबाइल फोन और बैंक खाते का इस्तेमाल किया। इस तरह क्यूआर कोड पर उसने चार लाख 80 हजार साइबर अपराधियों को ट्रांसफर कर दिए। पिता को इस घटना की जानकारी तब मिली जब पांच फरवरी को उन्होंने अपने खाते की डिटेल चेक की जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। उनके खाते से अलग अलग तारीखों में 4 लाख 80 हजार ट्रांसफर हुए थे। बेटे रुद्र से जब इस बारे में पूछा गया तो उसने पूरी बात बता दी। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी से जुड़े इस मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि साइबर अपराधियों द्वारा जिन मोबाइल नंबरों, बैंक खातों और क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया गया है। उसका लिंक झारखंड और बिहार से कनेक्ट निकला है।

# सड़क व नाला निर्माण के प्रस्तावों पर लगी मुहर

## ब्लाक में बीडीसी की बैठक सम्पन्न, जनप्रतिनिधियों ने उठाई समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विकासखंड के शहीद भगत सिंह सभागार में सोमवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में गांवों के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सड़क, नाला और नाली निर्माण समेत कई विकास प्रस्तावों पर ध्वनि मत से मुहर लगा दी गई। इस दौरान जनप्रति. निधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई। इसके बाद राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त से कराए जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की गई। जिला योजना, कृषि एवं कृषि रक्षा, सहकारिता विभाग, पंचम राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग से संचालित योजनाओं पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने अब तक हुए कार्यों और आगे कराए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में गांवों की टूटी सड़कों, जल निकासी की समस्या और सफाई व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठा। कई क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्रों में नाला-नाली निर्माण, खड़ंजा और सड़क निर्माण कराने की मांग की। इस पर संबंधित प्रस्तावों को बैठक में मंजूरी दी गई।

मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। साथ ही विद्युत विभाग, खाद्य एवं रसद, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि गांवों में विकास कार्य तेजी से कराए जाएंगे और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से गुणवत्ता के साथ काम कराने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने कहा कि विकासखंड में चल रही योजनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य समय से पूरे कराए जाएं। बैठक में एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण राजीव कुमार, एडीओ ग्राम विकास मनोज कुमार, पंचायत सचिव संदीप चौधरी, महेश सैनी, मोहम्मद नासिम, आंचल, बंटी, रोहित चौधरी, राजकुमार सिंह, राज. कुमार सैनी, धर्मेंद्र प्रधान, अलाउद्दीन सैफी, लोकेंद्र चौधरी, धर्मवीर भाटी, जितेंद्र सिंह, भगवंत सैनी, कमल चौधरी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# आशिक के साथ रहने की जिद पर अड़ी प्रेमिका

## पति के समझाने का भी नहीं हुआ असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रेमी के प्यार में पागल प्रेमिका जमाने और समाज की लोकलाज को त्यागकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। कोतवाली में प्रेमिका ने आशिक के साथ जाने की जिद पकड़ ली।

कोतवाली इलाके के गांव निवासी युवक हरियाणा में मजदूरी करने गया था। उसके पीछे उसकी पत्नी पड़ोसी गांव के युवक को दिल दे बैठी। 3 महीने पहले वह प्रेमी के साथ एक बच्चे की माँ ने लोक-लाज की सारी मर्यादाएं ताक पर रख दीं। महिला अपने मासूम बच्चे और घर-संसार को भूलकर पड़ोसी गाँव के प्रेमी के साथ फरार हो गई। बताया जा रहा है कि महिला का पति अपनी और परिवार की किस्मत संवारने के लिए हरियाणा में खून-पसीना एक कर मजदूरी कर रहा था। उसे क्या पता था कि जिस घर की सुरक्षा के लिए वह दूर धक्के खा रहा है। वहीं उसकी पत्नी किसी और के साथ इश्क की पींगें बढ़ा रही है। महिला अपने प्रेमी के साथ इस कदर जिद पर अड़ी कि वह अब अपने पति के पास लौटने को तैयार नहीं है। पति जब काम से वापस लौटा तो घर का वीरान मंजर देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। फिलहाल, यह मामला पूरे क्षेत्र में मिर्च-मसाले के साथ चर्चा का विषय बना हुआ है।

# चॉकलेट का लालच देकर छात्र के अपहरण का प्रयास

## बाइक सवार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** शहर में बाइक सवारो द्वारा एक छात्र को बहला-फुसलाकर अपहरण करने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोमवार को अज्ञात बाइक सवारों ने नगर निवासी एडवोकेट आशीष बंसल के पुत्र दक्ष बंसल को पहले चॉकलेट खिलाई और फिर अन्य प्रलोभन दिया। छात्र शहर से करीब 2 किमी दूर दीपपुर गेट तक पहुंच गया।जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

इसी बीच, वहाँ से गुजर रहे ग्राम मनोटा निवासी एआइएमआइएमनेता मीर हसन सैफी ने छात्र को सुनसान जगह पर अकेला घूमता देखा। अनहोनी की आशंका होने पर वह छात्र को अपनी बाइक पर बिठाकर सुरक्षित हसनपुर ले आये। डायल 112 पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गई। छात्र घबराया हुआ था अपना एड्रेस तक नहीं बता पा रहा था। पुलिस इस मामले में अलग रुख अपना रही है। पुलिस का दावा है कि छात्र किसी बात से नाराज होकर खुद घर से निकला था। फिलहाल, इस घटना ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्थानीय अभिभावकों में भारी चिंता पैदा कर दी है। बताया जा रहा है दक्ष बंसल कक्षा 6 का छात्र है। मौजूद लोगों ने बताया बच्चा काफी बदहवास आवाज अवस्था में था। पीड़ित पिता आशीष बंसल एडवोकेट ने बताया वह स्वयं सीसीटीवी कैमरो को देख रहे है। यदि छात्र का अपहरण करने का प्रयास हुआ है तो यह पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है।

# ललित कला अकादमी की कार्यशाल का शुभारंभ

## ओपीएस इण्टरनेशनल स्कूल में हो रहा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रीष्मकाल. ीन कला कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 11 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित होगी।

कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. दुर्जन सिंह राणा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। बताया कि यह कार्यशाला जनपद अमरोहा में जूनियर विंग के लिए आयोजित होने वाली



पहली विशेष कला कार्यशाला है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.पराग पंडित ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने स्वयं पेंटिंग बनाकर कला कार्यशाला की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को चित्रकला एवं पेंटिंग निर्माण का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्यशाला के प्रशिक्षक डॉ. सोहन सिंह हैं, जिन्हें राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा नियुक्त किया गया है, जबकि दूसरी प्रशिक्षिका अंजली शर्मा हैं। दोनों प्रशिक्षक विद्यार्थियों को विभिन्न कला विधाओं का प्रशिक्षण देंगे। समापन समारोह एवं प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा होंगे। प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी में 10-10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# ड्रोन और कैमरा चोरी

## शादी समारोह में हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी की बुकिंग करने गए फोटोग्राफर का ड्रोन और कैमरे सहित काफी कीमती सामान चोरी हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जिला हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ के गांव चितौड़ा निवासी ओमवीर सिंह चौहान शादी समारोह में फोटोग्राफर का काम करते है। ब्रजघाट क्षेत्र के गाँव बलवापुर में वह 27 अप्रैल को शादी समारोह में फोटो आदि के लिए गया था। यहाँ से बारात गयी थी। बताते हैं कि रात करीब आठ बजे मौसम बिगड़ गया और आंधी आने लगी। इस कारण ओमवीर ने अपना ड्रोन और कैमरा आदि रखने गया तो उसे एक लड़का मिला जिसने एक घर में सामान यह कहकर रखवाया कि वह दुल्हन की माता है। करीब बीस मिनट बाद जब ओमवीर सामान लेने उस घर में गया तो महिला ने बताया कि सामान तो वही युवक ले गया है जो उन्हें लेकर आया था। इसके बाद सामान का कुछ पता नहीं चला, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी थी। इस प्रकरण में पुलिस ने ओमवीर की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संगठन पर्व व बूथ सत्यापन अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे संगठन पर्व और बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद एवं कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय कायस्थान-1 पर बूथ समिति सत्यापन का का कार्य संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प को दोहराया। सत्यापन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर भारी उत्साह देखा गया। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सशक्त बूथ ही चुनावी जीत का असली आधार है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजू राणा, पौरुष अग्रवाल शक्ति केंद्र प्रभारी, आम्रपाली गुर्जर, प्रमोद पांडे, विजय शर्मा, दीपमाला वर्मा और महावीर शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को धरातल पर और अधिक प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# किसान सम्मान निधि का लाभ सभी को मिले

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया जबकि बिजली लाइन, गन्ना भुगतान और किसान सम्मान निधि के मुद्दे उठाए गये। तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि गजरौला पावर हाउस से जुड़ी 33 केवी विद्युत लाइन की दूरी अधिक होने के कारण किसानों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि कोरट बिजलीघर को पिपली टांडा पावर हाउस से जोड़ा जाए। इसके अलावा किसानों के गन्ना भुगतान को जल्द कराने, खतौनी में नामांतरण की त्रुटियां ठीक करने तथा गांव शेखूपुरा ढक्का में मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन हटाने की मांग भी उठाई गई। पंचायत में किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों के खातों में जल्द धनराशि भेजने की मांग की गई। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष महिपाल सिंह सैनी ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने किया। इस मौके पर धर्मदीप त्यागी, चन्द्रपाल सिंह, अली हसन, मनोज त्यागी, हरपाल सिंह, कल्लू सिंह, शोभा सिंह, सोमपाल सिंह, प्रीतम सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्र परिषद का शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय, अनुशासन और नेतृत्व के प्रति निष्ठा की शपथ ली। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने छात्र परिषद के सदस्यों को नेतृत्व, सेवा और जिम्मेदारी के मूल्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। छात्र परिषद के सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और विद्यार्थियों की आवाज को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# शिव गोरखनाथ आश्रम खोखरा में आयोजित नवनाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व आठम भंडारा कार्यक्रम सकुशल संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के कुशल नेतृत्व एवं प्रशास. निक व्यवस्थाओं के सफल संच. ालन में आज भगवानपुर नांगल स्थित श्री शिव गोरखनाथ आश्रम खोखरा में आयोजित नवनाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं आठम भंडारा कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्थात्मक इंतजाम किए गए थे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की गई, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# जो संकट में खड़ा हो वही है संत:सीएम योगी

## जनपद के भगवानपुर नांगल गांव स्थित श्री शिव गोरखनाथ आश्रम में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बागपत के भगवानपुर नांगल गांव स्थित श्री शिव गोरखनाथ आश्रम पहुंचे। अवसर था आश्रम में स्थापित नवनाथ मूर्तियों के स्थापना दिवस का, जिसमें मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सीएम के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह देखा गया और सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए।

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आश्रम के समीप बनाए गए अस्थाई हेलीपैड पर उतरा, जहां से वे कार द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। रास्ते में स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। बच्चों ने मुख्यमंत्री की कार पर पुष्प वर्षा कर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ राजनीति और अध्यात्म जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। श्री शिव गोरखनाथ आश्रम केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि नाथ संप्रदाय की अटूट आस्था का केंद्र है। इस तपोस्थली का इतिहास लगभग 400 साल पुराना बताया जाता है। नाथ संप्रदाय की परंपराओं को जीवंत रखते हुए यह आश्रम आज भी योग, ध्यान और भजन-कीर्तन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। सुबह की आरती से लेकर देर रात तक यहाँ होने वाले धार्मिक अनुष्ठान भक्तों को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया है, बल्कि क्षेत्र के आध्यात्मिक महत्व को भी रेखांकित किया है।

अगर कोई धर्म पर हमला करेगा तो योगी बैठेगा नहीं, मुंहतोड़ जवाब देगा। उसका मुकाबला करेगा। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। कोई रोक पाया क्या, कोई नहीं रोक पाया। कुछ लोगों की आदत है, चोरी-छिपे कोरोना की वैक्सीन लगवाई, लेकिन बोले नहीं लगवाई। संगम में स्नान किया, लेकिन बोले नहीं किया। जब इन्हें मौका मिला, तो इन्होंने कुछ नहीं किया। यह बात सीएम योगी ने सोमवार को बागपत में कही। वह भगवानपुर नांगल गांव स्थित श्री शिव गोरखनाथ आश्रम में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना की। अपने संबोधन में योगी ने कहा- आज सोमनाथ मंदिर के फिर से प्राण प्रतिष्ठा का अमृत दिन है। आज देश के प्रधानमंत्री खुद सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर मंदिर में मौजूद थे। यह मेरा सौभाग्य था कि काशी विश्वनाथ मंदिर में इस मौके से जुड़ने का सौभाग्य मिला। योगी ने कहा आज ही के दिन अटलजी ने ऑपरेशन सत्य के तहत पोखरण में 3 परमाणु विस्फोट किए थे। भारत इस प्रयोग के बाद परमाणु शक्ति वाला एक महत्वपूर्ण देश बना था। भारत की सफलता से दुनिया की आंखें खुली की खुली रह गई थीं। इतिहास इस बात का गवाह है कि सनातन धर्म ने कभी भी किसी पर जबरन अधिकार हासिल नहीं किया। जबरन किसी को गुलाम बनाने का काम नहीं किया। इसलिए जब हम किसी पर जबरन शासन नहीं करते, जबरन उसकी भूमि पर कब्जा नहीं करते, तो हमारा देश इसको कैसे बर्दाश्त कर सकता था। आज सभी आक्रांता मिट्टी में मिल गए हैं। उनके परिवार का अता-पता नहीं है। बागपत हमारी प्रौणाणिक स्थली है। इसका महाभारत से जुड़ा इतिहास है। भगवान कृष्ण ने पांडवों के लिए जो 5 गांव कौरवों से मांगे थे, उनमें बागपत भी था। आज बागपत जनपद बना है। मुझे 4 साल पहले जब यहां आने का मौका मिला था, तब यह छोटा-सा स्थान था। मैं धन्यवाद कहूंगा उनको, जिन्होंने इसे तीर्थ बनाया है। जाट भी पढ़ा-लिखा होकर मुंबई पुलिस का कमिश्नर बन जाए, वो डा. सत्यपाल सिंह यहीं से निकले थे। आज इसी धरती से निकले हुए चौधरी जयंत के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार से मिलकर विकास के नए कीर्तिमान बन रहे हैं। इसमें विरासत भी है और विकास भी है। दोनों एक साथ चल रहे हैं। योगी ने कहा याद रखना हमारे यहां कहा जाता है कि धर्मो रक्षति रक्षत: यानि अगर हम अपने धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा।

# भाकियू ने तहसील में किया प्रदर्शन



■ ईंट भट्ठों पर प्रतिबंधित कार्बन प्रयोग का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सोमवार को तहसील पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों ने शीशगढ़ क्षेत्र के ईंट भट्ठों पर प्रतिबंधित कार्बन के प्रयोग का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग उठाई।भाकियू जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने कहा कि शीशगढ़ क्षेत्र के ईंट भट्ठों में प्रतिबंधित कार्बन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे बूंची गांव की फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में किसानों द्वारा पूर्व में अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।किसानों ने एसडीएम निधि शुक्ला को ज्ञापन देकर शीशगढ़ कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहे छुट्टा गोवंश को पकड़वाकर गोशालाओं में संरक्षित कराने की मांग की। साथ ही राशन की दुकानों पर कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ जबरन साबुन, नमक और सर्फ जैसे सामान दिए जाने पर रोक लगाने की मांग उठाई। किसानों का आरोप है कि अतिरिक्त सामान खरीदने से मना करने पर कोटेदार खाद्यान्न न देने की धमकी देते हैं। ज्ञापन देने वालों में फिरोज खान, जाहिद खान सहित कई किसान मौजूद रहे।

# क्षत्रिय समाज को एकजुट रहने की जरूरतः संगीत सोम

■ महाराणा प्रताप जयंती समारोह में संस्कृति और स्वाभिमान पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता संगीत सोम ने क्षत्रिय समाज से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को आपस में बांटने और दूसरी बिराद. रियों से लड़ाने की कोशिश करने वाले लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

नगर में आयोजित समारोह में पहुंचे संगीत सोम ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि त्याग, साहस और संस्कृति की पहचान हैं। समाज को उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी असली पहचान हमारी संस्कृति और परंपराएं हैं। यदि समाज अपनी संस्कृति को बचाए रखेगा तो आने वाली पीढ़ियां भी गौरव के साथ अपने इतिहास को याद करेंगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज को कमजोर करने के लिए जातियों के बीच दूरी पैदा करने का काम करते हैं, लेकिन क्षत्रिय समाज को ऐसे लोगों की मंशा समझकर एकजुट रहना चाहिए।



संगीत सोम ने कहा कि जब भी समाज या किसी व्यक्ति को उनकी आवश्यकता पड़ेगी, वह हमेशा साथ खड़े मिलेंगे। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्रहित में आगे बढ़कर कार्य करने की अपील भी की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान देशभक्ति और समाजिक एकता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

इस मौके पर कुंवर सिद्धराज सिंह, अनिल चौहान पहलवान दिल्ली, ठाकुर विक्रांत सिंह गायक कलाकार, ठाकुर केडी सिंह गायक कलाकार, ठाकुर राहुल सिंह गायक कलाकार, सर्वेश सिंह, भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज ठाकुर तथा प्रदेश सचिव अमर ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दिल का दौरा पड़ने से सिंगतरा की पूर्व प्रधान का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा (दमखोदा) की ग्राम पंचायत सिंगतरा की पूर्व ग्राम प्रधान अनीसा बेगम का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके इंतकाल की खबर से गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार सुबह उन्हें गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

अनीसा बेगम वर्ष 2005 से 2010 तक ग्राम प्रधान रहीं। उनके पति इकबाल अहमद भी तीन बार ग्राम प्रधान रहे। वर्तमान में उनकी पुत्रवधु आयशा ग्राम प्रधान हैं। बताया गया कि अनीसा बेगम सात मई को अपने बेटे एवं प्रधान पति वसीम अहमद तथा अन्य परिवारजनों के साथ अजमेर शरीफ गई थीं। वहीं अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद परि. जनों ने उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में कुछ सुधार होने पर परिजन एम्बुलेंस से उन्हें बरेली लेकर आए, लेकिन यहां फिर से हार्ट अटैक पड़ गया। रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार सुबह गांव के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### मीरगंज में पूर्व विधायक संगीत सोम का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मेरठ से बहेड़ी जा रहे पूर्व विधायक एवं फायर ब्रांड नेता संगीत सोम का सोमवार को मीरगंज के सिंधौली चौराहे पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया।इस दौरान पूर्व विधायक संगीत सोम ने हिंदू समाज के लोगों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने वाली साजिशों से सतर्क रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में रामेंद्र सिंह चौहान, संतोष शर्मा, गुड्डू सिंह, रामप्रताप सिंह, डीबी सिंह और तेजपाल सिंह फौजी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव निवासी युवक पर घर में घुसकर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महिला का आरोप है कि गत 21 अप्रैल की रात वह घर के आंगन में चारपाई पर सो रही थी, जबकि उसके पति घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान गांव आनंदपुर निवासी रामचरन घर में घुस आया और चारपाई पर सो रही महिला के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला के शोर मचाने पर उसकी जेठानी मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि जेठानी को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रविवार रात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### पुलिया का निर्माण होने से जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** कस्बे के मोहल्ला बरेली बस अड्डे पर लंबे समय से जलभराव की समस्या से अब कस्बे के लोगों को छुटकारा मिलने जा रहा है । साढ़े पंद्रह लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण शुरू होने से मुहल्ले के लोगों ने खुशी की लहर दौड़ गई है।

**साढ़े पंद्रह ला रुपये की लागत से होगा पुलिया का निर्माण**

चेयरमैन नीलोफर ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग की अनुमति न मिलने के कारण पुलिया निर्माण में देरी हो रही थी। अब लोक निर्माण विभाग से ऐन ओ सी मिल चुकी है चालू माह में निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। बताते चलें कि नगर पंचायत के निकट पुरानी पुलिया बंद पड़ी होने एवं पुलिया का स्लिप ऊंचा होने के कारण पानी सड़क पर जमा हो जाने से सड़क तालाब बन जाती थी जिस कारण रास्ता बाधित होता है अब नई पुलिया निर्माण होने से इस जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी। वहीं चेयरमैन नगर पंचायत शीशगढ़ नीलोफर ने कहा हमने जनता के दर्द की समझा लोकनिर्माण विभाग से अनुमति लेकर पुलिया का निर्माण शुरू करा दिया गया है। अब कस्बे के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

### हत्या आरोपी जेठ-जेठानी को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** जमीन बंटवारे को लेकर भाई द्वारा अपने भाई की ईंट मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने जेठ-जेठानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, तो वहीं एक युवक के नाबालिग होने पर उसे वाल सुधार ग्रह भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव सिजौलिया में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बड़े भाई ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर छोटे भाई पर ईंटों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

सिजौलिया गांव के एक परिवार में जन्नती के बेटों के बीच काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा था। शनिवार देर रात छोटे बेटे इरफान अली और बड़े बेटे अजव शाह के बीच कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अजव शाह ने अपने बेटों सोहिल और मुन्ना के साथ मिलकर इरफान अली पर हमला कर दिया। तीनों ने ईंटों से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी नसरीन की तहरीर पर पुलिस ने जेठ-जेठानी के साथ ही उनके दो पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सोमवार को मृतक की जेठ अजब शाह, जेठानी परवीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, साथ ही एक युवक के नाबालिग होने पर उसे वाल सुधार ग्रह भेज दिया गया। कोतवाल अरुण कुमार ने बताया कि बाकी नामजद आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### जरी-जरदोजी और दर्जी प्रशिक्षण से स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड देगा निःशुल्क 15 दिवसीय प्रशिक्षण, 20 मई तक करें आवेदन

**बरेली।** जिला ग्राम उद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से संचालित कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को जरी-जरदोजी तथा दर्जी ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकें।

उन्होंने बताया कि जनपद बरेली में जरी-जरदोजी ट्रेड के 25 तथा दर्जी ट्रेड के 50 अभ्यर्थियों को 15 दिवसीय व्यवहारिक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण उनकी सुविधा के अनुसार मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र पिपरौला, शाहजहांपुर अथवा तहसील, ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर अनावासीय रूप में आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। आवेदन के समय आधार कार्ड, राशन कार्ड अथवा परिवार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो तथा बैंक पास. बुक की छायाप्रति आवश्यक होगी। लाभार्थियों का चयन स्कोर कार्ड के आधार पर किया जाएगा।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन खादी ग्रामोद्योग पोर्टल पर किए जा सकते हैं।

# सरकारी जमीन फर्जीवाड़े में अब बड़े नामों पर घिरा शिकंजा

## तहसीलदार हटे, कानूनगो-लेखपाल निलंबित, अब तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो और निजी लोगों पर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर की बेशकीमती सरकारी जमीन के अभिलेखों में छेड़छाड़ किए जाने और राजस्व कर्मियों की संलिप्ता पाए जाने पर डीएम अविनाश सिंह ने कड़ी कार्यवाही करते हुए जहां तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को उनके पद से हटाते हुए जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था, वहीं इस मामले के सर्वेसर्वा कानूनगो श्याम सुन्दर गुप्ता के साथ ही लेखपाल रामचंद्र को सस्पेंड कर दिया था।

क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर की सरकारी भूमि का यह मामला सबसे पहले दैनिक शाह टाइम्स अखबार ने प्रमुखता से उठाया था। समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में तो आया, लेकिन इस मामले में कार्यवाही करने से कतरा रहा था। इस मामले में डीएम अविनाश सिंह द्वारा की गई कार्यवाही से जहां तहसील परिसर में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं शिकायत कर्ताओं सूरज सिंह यादव और पंडित लालाराम ने जिलाधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही को आधा अधूरी बताते हुए तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो वीरपाल यादव के साथ ही इस मामले में संलिप्त राजस्व कर्मियों और प्राइवेट लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### तीन साल तक शिकायत करने के बाद भी नहीं हारी हिम्मत

क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के गाटा संख्या 16 मि० के रकवा 0.275 को तहसील के अभिलेखों में सांठ-गांठ कर बढ़ा दिया गया था, जब इसकी जानकारी ग्राम के पुर्व प्रधान सूरज सिंह यादव और पंडित लालाराम को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायतें करनी शुरू कर दी। ग्राम के दोनों जागरूक व्यक्तियों ने 5 अगस्त 2023, 19 अगस्त 2023 और फिर 2 सितम्बर 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को शिकायती पत्र दिए, लेकिन किसी ने भी इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

2 मई 2026 को यहां सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम अविनाश सिंह के सामने जब ग्राम के सूरज सिंह यादव और पंडित लालाराम द्वारा इसकी शिकायत की गई तो उन्होंने इसे काफी गंभीरता से लिया, और रविवार को तहसीलदार सहित कानूनगो और रामचंद्र के खिलाफ कार्यवाही कर डाली। डीएम की इस कार्यवाही से तहसील परिसर में आज सन्नाटा पसरा रहा।

### शाह टाइम्स का आभार जताया

शिकायत कर्ताओं सूरज सिंह यादव और पंडित लालाराम ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सबसे पहले दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र द्वारा उठाए जाने पर उसका आभार जताया। कहा जितना शाह टाइम्स अखबार ने उनकी समस्या को उठाया उसके लिए वह अखबार का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने इस मामले में शामिल तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो के साथ ही प्राइवेट लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### लाखों की है सरकारी जमीन

बरखन रोड पर रोड किनारे गाटा संख्या 16 मि०, गाटा संख्या 739 की सरकारी भूमि है, जिसका वर्ष 2013 में गांव के संतराम और उनकी पत्नी हरदेई के पट्टे किए गए थे, जिन्हें श्रेणी 3 का होने के चलते निरस्त कर दिया गया था। भूमि के बेशकीमती होने के चलते इसपर पहले संतराम का अवैध कब्जा रहा था, उनके निधन के बाद उनके पुत्रों वीरेन्द्र कुमार और शिशुपाल ने अपना कब्जा जमा लिया था।

इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद भी राजस्व कर्मियों ने सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हटवाया था, बल्कि पुलिस ने संतराम के निधन के बाद अंतिम रिपोर्ट लगाकर केस रफा दफा कर डाला था।

### महिला ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से निकालने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला तिगड़ी की एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर मारपीट करने और घर से निक. ालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शीशगढ़ कस्बा निवासी हुमा बी का आरोप है कि उसके ससुराल वाले आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। महिला के अनुसार, गत दिनों पति की गैरमौजूदगी में उसे एक कमरे में बंद कर पीटा गया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देकर उसे घर से निकाल दिया गया। घटना की जानकारी महिला ने अपने पति को दी, जिसके बाद वह पति के साथ शीशगढ़ में ही दूसरे मकान में रहने लगी। पुलिस ने सास हुस्ना, ससुर वकील, देवर ताहिर, मोहम्मद अली और ननद समराना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-448 /न०पा०प०ब०/ कर/ 2026-27 दिनांक-11.05.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-205 वार्ड-02 जो मोहल्ला मास्टर कालोनी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में तेजपाल सिंह राठी व विजयपाल सिंह राठी पुत्रगण तुलाराम राठी के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-26.07.2021 के द्वारा श्री तेजपाल सिंह राठी की मृत्यु दिनांक-01.06.2021 को हो चुकी है। श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री तेजपाल सिंह राठी निवासी ग्राम डंडिया नगला बहेड़ी बरेली ने वारिसान एवं अन्य उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर पालिका में दर्ज तेजपाल सिंह राठी के भाग को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/ परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

### भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भाकियू ने राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन स्थानीय खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा है।

भाकियू ने ज्ञापन में कहा है।जब किसान को खाद बायोमैट्रिक से मिल रही है।तो गड़बड़ी रोकने के लिए मतदान में बायोमेट्रिक का प्रयोग भी किया जाना चाहिए।जब एक चपरासी के लिए योग्यता और उम्र का मानक रखा गया है।तो सांसद,विधायक के लिए योग्यता और आयु निर्धारित किया जाना चाहिए।साथ सांसद,विधायकों की पेंशन एक ही होनी चाहिए।भाकियू ने ब्लॉक कार्यालय पर बैठक कर ज्ञापन बीडियो आशीष पाल को सौंपा। इस मौके पर अरविंद सिंह सोमवंशी, झंडू सिंह,जगदीश मास्टर,मदन लाल गंगवार,अनोखे लाल, पुरनलाल,सोहन लाल आदि मौजूद रहे।

# फिरौती के लिए युवक का अपहरण करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक आरोपी दबोचा

■ क्रेटा कार, मोबाइल और बंधक बनाने में प्रयुक्त टी-शर्ट बरामद, तीन आरोपी फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर पुलिस ने फिरौती के लिए युवक का अपहरण करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार, दो मोबाइल फोन, अपहृत युवक के हाथ बांधने में इस्तेमाल टी-शर्ट तथा फिरौती मांगने में प्रयुक्त क्यूआर कोड बरामद किया है। मामले में तीन आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक नौ मई की रात करीब साढ़े नौ बजे सूचना मिली थी कि फन सिटी के सामने से अभिषेक पुत्र स्व. बिजेंद्र सिंह निवासी ग्राम सिसैया, थाना भुता का कुछ लोग जबरन अपहरण कर क्रेटा कार में ले गए हैं। सूचना मिलते ही इज्जतनगर पुलिस ने दो टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी।



अगले दिन वादी ललित कुमार निवासी कमुआ कलां, थाना बिथरी चैनपुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस टीम ने वैसपुर-गुलड़िया मार्ग स्थित जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध क्रेटा कार को पकड़ लिया। मौके से अपहृत अभिषेक को सकुशल बरामद कर लिया गया, जबकि उमाशंकर पुत्र मो. हनलाल निवासी थाना क्योलड़िया को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पीलीभीत बाईपास रोड पर बाइक सवार युवकों से कहासुनी और मारपीट के बाद उन्होंने अभिषेक को जबरन कार में बैठा लिया था। इसके बाद आरोपियों ने उससे रुपये वसूलने की योजना बनाई।

अभिषेक के मोबाइल से ही उसके दोस्तों और परिजनों को फोन कर दुर्घटना का बहाना बनाते हुए एक लाख रुपये की मांग की गई। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए कार की आगे की नंबर प्लेट भी हटा दी थी और पूरी रात युवक को कार में लेकर घूमते रहे।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ धारा 140(2), 115(2) और 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर तुलसी मठ पहुंचे डीएम, की पूजन-अर्चन

■ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक व महाआरती में हुए शामिल, जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमनाथ मंदिर की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तुलसी मठ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ओंकार जाप, रुद्राभिषेक, महाआरती और दीपोत्सव में सहभागिता कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित कलश यात्रा तुलसी मठ से प्रारंभ हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने भी प्रतिभाग किया। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के माहौल के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए।

मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं, सामाजिक एकता और भारतीय आस्था को मजबूती प्रदान करते हैं



तथा समाज को सांस्कृतिक रूप से जीवंत बनाए रखते हैं। पूजन-अर्चन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-313 /न०पा०प०ब०/ कर/ 2026-27 दिनांक- 27.04.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-333य वार्ड-7 जो मोहल्ला टांडा दक्षिणी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री रफीक अहमद पुत्र श्री अब्दुल रहमान के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-07.10.2016 के द्वारा श्री रफीक अहमद की मृत्यु दिनांक-21.09.2016 को हो चुकी है। श्री अखलाक अहमद पुत्र स्व० रफीक अहमद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज कराये जाने के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/ परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-447 /न०पा ०प०ब०/ कर/ 2026-27 दिनांक-11.05.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-279 वार्ड-8 जो मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री प्रदीप सिंह के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-18.12.2025 के द्वारा श्री प्रदीप सिंह की मृत्यु दिनांक-29.07.1995 को हो चुकी है। श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री प्रदीप सिंह व दीपक राना पुत्र स्व० प्रदीप सिंह निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को पालिका में अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-446 /न०पा ०प०ब०/ कर/ 2026 -27 दिनांक-11.05.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-63 वार्ड-10 जो मोहल्ला शेखूपुर दक्षिणी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है हकीम कबीर अहमद पुत्र श्री अमीर अहमद के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-21.11.2017 के द्वारा हकीम कबीर अहमद की मृत्यु दिनांक-10.01.1993 को हो चुकी है। श्री सलीम अहमद पुत्र श्री कबीर अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/ परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# डकैती की घटना से दहला नागफनी क्षेत्र

## कारोबारी परिवार को बंधक बनाकर बदमाश ले गए नकदी और जेवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के नागफनी थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुई बड़ी डकैती की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। हथियारों से लैस बदमाशों ने पीतल कारोबारी के घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाया और करोड़ों रुपये की नकदी व आभूषण लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।घटना बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तड़के करीब साढ़े तीन बजे कुछ नकाबपोश बदमाश कारोबारी मोहम्मद इमरान के घर में दाखिल हुए। उस समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। बदमाशों ने घर में घुसते ही परिवार के लोगों को हथियारों के बल पर कब्जे में ले लिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि बदमाशों के कुछ साथी घर के बाहर भी मौजूद थे।पीड़ित परिवार के मुताबिक घर में बड़ी रकम रखी हुई थी। परिवार का कहना है कि हाल ही में एक नए मकान की खरीद को लेकर नकदी घर में रखी गई थी। बदमाश घर में रखी करीब एक करोड़ बीस लाख रुपये की नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात भी समेट ले गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बड़ी चालाकी से घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए, ताकि पुलिस को कोई सुराग न मिल सके।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से पूछताछ कर पूरी जानकारी ली, जबकि आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई गई।फोरेंसिक टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट और अन्य अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है और आशंका जताई जा रही है कि वारदात में किसी करीबी व्यक्ति की भूमिका हो सकती है, जिसे घर में रखी रकम की जानकारी थी। एसपी सिटी ने दावा किया है कि घटना के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।







## अकबर कंपाउंड डकैती कांड

### एडीजी रमित शर्मा पहुंचे घटनास्थल पर, जल्द खुलासे के दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** शहर के नागफनी थाना क्षेत्र स्थित अकबर कंपाउंड में हुई सनसनीखेज डकैती की वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नगर के बीचों-बीच हुई इस बड़ी वारदात के बाद सोमवार को एडीजी रमित शर्मा स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और डीआईजी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एडीजी रमित शर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से अब तक की जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की। घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और आसपास के इलाके में सघन जांच अभियान चलाया गया।प्राथमिक जांच में पुलिस की शक की सुई पीड़ित परिवार के करीबियों और परिचितों की ओर घूम रही है। पुलिस का मानना है कि बदमाशों को घर और परिवार की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। इसी आधार पर पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन व अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगालने में जुटी है।एडीजी रमित शर्मा ने अधिकारियों को घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डकैती की इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



## जन चौपाल में पुलिस ने अपराध मुक्त गांव बनाने का दिलाया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव बगरूआ में सोमवार को पुलिस प्रशासन द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में गांव के मौलाना, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, संभ्रांत नागरिकों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान लोगों को अपराध नियंत्रण में सहयोग करने और गांव को जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री समेत अन्य अपराधों से मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, मोबाइल पर आने वाले फर्जी कॉल और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्टों से सावधान रहने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चौपाल में मौजूद लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। वहीं गांव के अपराध प्रवृत्ति के लोगों को अपराध छोड़ने की सख्त चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

## निजी स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों में रोष, महंगी किताबों और फीस बढ़ोतरी को लेकर डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में निजी विद्यालयों द्वारा एनसीई आरटी पुस्तकों के स्थान पर महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य करने और फीस में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ अभिभावकों ने जिलाधिकारी एवं जिला शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।अभिभावक संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जिला शुल्क नियामक समिति की 10 मई 2025 की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सत्र 2026-27 में कक्षा 1 से 12 तक जिन विषयों की एनसीईआरटी पुस्तकें उपलब्ध हैं, उन्हीं को लागू किया जाए। इसके बावजूद कई निजी विद्यालयों ने एनसीईआरटी के साथ-साथ निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें भी लागू कर दीं, जिससे बच्चों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।ज्ञापन में कहा गया कि कई स्कूलों ने केवल औपचारिकता के लिए बुक लिस्ट में एनसीईआरटी पुस्तकों का नाम दर्ज किया, लेकिन निर्धारित दुकानों पर अभिभावकों को सिर्फ निजी प्रकाशकों की किताबें ही उपलब्ध कराई गईं। कई दुकानदारों ने यह कहकर एनसीईआरटी पुस्तकें देने से मना कर दिया कि स्कूल में उन्हीं पुस्तकों से पढ़ाई नहीं होगी।अभिभावकों ने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालय एक ही विषय की दो-दो किताबें लगाकर छात्रों को 15 से 25 पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। साथ ही विद्यालयों द्वारा विशेष दुकानों से ही किताबें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 का उल्लंघन है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि स्कूलों ने फीस के अलग-अलग स्लैब बनाकर कक्षा बदलते ही 30 से 40 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है, जबकि जिला शुल्क समिति ने अधिकतम चार स्लैब रखने और अत्यधिक फीस वृद्धि न करने के निर्देश दिए थे। अभिभावक संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा शीघ्र जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक बुलाकर अभिभावकों को राहत दी जाए। ज्ञापन पर सचिव अंकित अग्रवाल एडवोकेट और अध्यक्ष अनुज गुप्ता एडवोकेट के हस्ताक्षर हैं।



## टीएमयू में नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर बीटेक सीएस के स्टुडेंट्स का जलवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग-सीओई एवम् कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सीसीएसआईटी की ओर से नेशनल टेक्नोलॉजी डे- 2026 पर हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन, पोस्टर प्रजेंटेशन, टेक्निकल ब्लॉग राइटिंग, कोडिंग कंटेस्ट, टेक्निकल क्विज आदि की प्रतियोगिताओं बीटेक सीएस के स्टुडेंट्स का जलवा रहा। सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन में बीटेक एआई की सृद्धि गुप्ता अव्वल रहीं। हार्डवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन में इलेक्ट्रिकल इजीनियरिंग के अनमोल कुमार, अंश शर्मा और शिवम राज का ग्रुप विजेता रहा। पोस्टर प्रजेंटेशन में बीएससी एनीमेशन की तनिषा सक्सेना ने बाजी मारी। टेक्निकल ब्लॉग राइटिंग में बीटेक साइबर सिक्योरिटी के अभिवंश विजेता रहे। कोडिंग कंटेस्ट में बीटेक एआई के यशवीर सैनी, जबकि टेक्निकल क्विज में बीटेक आईबीएम के तन्मय सेठी और बीटेक एआई की दिपाली जैन विजेता रहे। प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन के विज. ेताओं को दो-दो हजार रुपए की धनराशि और सर्टिफिकेट्स, जबकि अन्य सभी विजेताओं को केवल सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया। नेशनल टेक्नोलॉजी डे की थीम रेसपांसिबल इन्नोवेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ रही। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर एसेंचर के डिसीजन साइंस एनालिस्ट श्री स्वतंत्र जैन बतौर मुख्य वक्ता, सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. अनुराग वर्मा, प्रो. गुलिस्ता खान, श्री आरपी पांडे, डॉ. रूपल गुप्ता, श्री प्रशांत कुमार, डॉ. अलका वर्मा आदि मौजूद रहे। तकनीकी सत्रों में भविष्य की संचार प्रणालियों, उभरती टेलीकॉम तकनीकों एवम् वैश्विक डिजिटल कनेक्टिविटी पर सवाल भी हुए। संचालन स्टुडेंट्स- आशीष उपाध्याय और वर्णिका ने किया। एसेंचर के डिसीजन साइंस एनालिस्ट श्री जैन ने कहा, टेक्नोलॉजी आज देश के विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल सेवाएं और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में भारत लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। तकनीक केवल मशीनों और सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जनजीवन को बेहतर बनाने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और देश की आर्थिक प्रगति को गति देने का माध्यम है। ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों का समाधान भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से संभव हो रहा है। एलटीटीसी के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री कृष्ण कुमार सिंह यादव ने लाइव टेलीकॉम एंड फ्यूचर कम्युनिकेशन टोपोलॉजी पर ऑनलाइन बोलते हुए आईपी साफ्ट स्विच टेक्नोलॉजी, शहरों के लोकल ट्रंक सिस्टम और देश के विभिन्न टेलीकॉम क्षेत्रों की कार्यप्रणाली स्टुडेंट्स को दूरसंचार संचालन समझाया। श्री यादव ने ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन सिस्टम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, उच्च गति डेटा ट्रांसमिशन और आधुनिक दूरसंचार अवसंरचना में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, वर्तमान समय तकनीकी क्रांति का दौर है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस एवम् ऑटोमेशन भविष्य की दिशा तय कर रहे हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को शोध, नवाचार एवम् स्टार्टअप संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में सुश्री इंदु त्रिपाठी, डॉ. संदीप वर्मा, सुश्री शिखा गंभीर, डॉ. रवि जैन, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, श्री वैभव शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रीति रानी, डॉ. मिथिलेश कुमार, श्री अजय रस्तोगी, श्री ज्योति रंजन लाभ, श्री अरून कुमार, श्री गौरी शंकर राय, श्री विकास कुमार, श्री उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत में विच. ाराधीन मामले में अभियुक्त सालिम उर्फ मुल्ला पुत्र हनीफ निवासी ग्राम थांवला, थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद के विरुद्ध धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोजन चलाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त सालिम उर्फ मुल्ला को दोषसिद्ध पाया। इसके बाद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने अभियुक्त को इस प्रकरण में जेल में बिताई गई अवधि 3 वर्ष 1 दिन के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अभियुक्त पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

## भाकियू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से की वार्ता

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की वार्ता बिजली विभाग के सभागार में की गई जिसमें एस ई अधिशासी अभियंता देहात फर्स्ट सेकंड थर्ड मौजूद रहे। बैठक में बिजली समस्या शटडाउन खराब मीटर अधिक रीडिंग अधिक बिल स्मार्ट मीटर की शिकायतें रखी गई। बैठक में ऋषिपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज चौधरी अंगद चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष अनुज कुमार रामकला जिला सचिव धर्मपाल सैनी पिंकी चौधरी अजय कुमार रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



## दो मासूम बच्चों को छोड़कर घर से गई विवाहिता

**चन्दौसी।** नगर के मौलागढ़ क्षेत्र से एक विवाहिता के घर छोड़कर जाने का मामला सामने आया है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी नाराज होकर घर से चली गई और अपने दोनों मासूम बच्चों को उसके पास छोड़ गई। मामले को लेकर परेशान पति दोनों बच्चों को साथ लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर मौलागढ़ निवासी बंटू पुत्र इंदल की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व आदमपुर गांव की युवती से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र लगभग 10 वर्ष और 8 वर्ष बताई गई है। बंटू ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है तथा रात के समय मंडी समिति में पल्लेदारी का कार्य भी करता है। पति बंटू का आरोप है कि उसकी पत्नी देर रात मोबाइल फोन पर किसी व्यक्ति से बातचीत करती थी। उसने बताया कि दोनों बच्चों ने भी उसे इस संबंध में जानकारी दी थी। बंटू के अनुसार एक युवक का घर पर आना-जाना भी था, जो रामपुर जनपद क्षेत्र का बताया जा रहा है। बताया गया कि रविवार रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सोमवार सुबह पत्नी घर से चली गई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। पति के अनुसार विवाहिता अपने मायके भी नहीं पहुंची है।

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि महिला अपने दोनों बच्चों को साथ नहीं ले गई, जिसके बाद परेशान पति बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया।

## एक नजर

### लखनऊ से मुरादाबाद पहुंचनें पर एआईएमआईएम प्रदेश सचिव वकी रशीद का किया गया जोरदार स्वागत

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के नव-नियुक्त प्रदेश सचिव वकी रशीद एडवोकेट के सोमवार को लखनऊ से मुरादाबाद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। शहर में जगह-जगह समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्प वर्षा कर जोरदार इस्तकबाल किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।पार्टी नेतृत्व द्वारा वकी रशीद को प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मुरादाबाद समेत आसपास के जिलों में AIMIM कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने संगठन में उनकी सक्रियता और मेहनत को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वकी रशीद लंबे समय से संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को आगामी चुनावों और जनसंपर्क अभियानों में मिलेगा।मुरादाबाद पहुंचने पर वकी रशीद ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी साहब के मिशन और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने युवाओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर समाज के मुद्दों पर काम करने की अपील भी की।स्वागत कार्यक्रम में सोहेल एजाज, समीर मंसूरी, अबु अंसारी, रहीम खान, सय्यद मो. हसिन, हरीश सैफी, अफजल खान, अरहान अंसारी, सलमान अंसारी, शहबाज अंसारी, नावेद अंसारी और सुहेल खान समेत करीब 100 से अधिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय शुल्क नियामक समिति के सदस्यों, पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन और विद्यालयों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कक्षा 09 से 12 तक की कक्षाओं में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू होनी चाहिए, इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। कक्षा 01 से 08 तक के लिए भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों का गंभीरतापूर्वक पालन करना होगा और 01 से 08 तक के लिए चिन्हित विषयों की अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए अभिभावकों को प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता के लिए विकल्प देने होंगे और उन विकल्पों में बहुत अधिक महंगी पुस्तकें शामिल नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि विद्यालय द्वारा निर्धारित किसी विक्रेता से पुस्तकें, जूते, मोजे, ड्रेस आदि खरीदने हेतु अभिभावकों को बाध्य नहीं किया जाएगा, यदि ऐसे प्रकरण की पुष्टि होती है तो कठोर कार्यवाही होगी। पुस्तक माफियाओं से दूरी बनाएं और निर्धारित मानकों का पालन करते हुए विद्यालयों का संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि पुस्तक माफियाओं को भी चिन्हित कराया जाएगा और उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और अन्य मानकों के अनुपालन का सत्यापन कराने के लिए जिला स्तरीय टीम गठित की जा रही है। यह टीम विगत 03 वर्षों के रिकार्ड का सत्यापन करेगी। टीम 15 दिवस में अपनी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री देवेंद्र पांडे सहित अन्य अधिकारी गण, विद्यालय संचालक, प्रधानाचार्य, पीटीए के सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

### गोवंश संरक्षण को डीएम की अपील: एक दिन का वेतन स्वेच्छा से दान करें अधिकारी-कर्मचारी



**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से मई 2026 के वेतन से एक दिन का वेतन स्वेच्छा से गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष में दान करने की अपील की है। डीएम ने बताया कि जनपद में 35 स्थाई/अस्थाई गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें अब तक कुल 7800 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। योजना की सफलता के लिए जन सहभागिता आवश्यक है। उ.प्र. गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नियमावली 2019 के तहत जनपद में "गौ संरक्षण एवं संवर्धन कोष" के नाम से खाता संचालित है। इस कोष में दान, चंदा, केंद्र/राज्य सरकार, गैर सरकारी संगठनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों व धमार्थ संस्थाओं से प्राप्त धनराशि जमा की जाती है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों- कर्मचारियों से इस पुनीत कार्य में आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया है।

### विकास शर्मा ने गोशाला की निर्माणाधीन बाउंड्री बाल का लिया जायजा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गौ रक्षक एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य विकास शर्मा आज रमपुरा की गौशाला पहुंचे और बीमार गोवंशों का उपचार कराया। गौशाला में चल रहे बाउंड्री वॉल के निर्माण को भी उन्होंने देखा उन्होंने बताया कि बाउंड्री वॉल के टूट जाने के कारण गोवंश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था इसके निर्माण के लिए उन्होंने अधिकारियों से कई बार मांग की थी लेकिन अब मांग पूरी करते हुए दिवार निर्माण शुरू हुआ है गौशाला में 150 से ज्यादा पशु संरक्षित हैं उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गौशालाओं की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखें जाने की मांग भी उठाई है।



हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल



amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# डा. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुद्ध अंबेडकर जन्मोत्सव सेवा समिति सिसइयां द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन से ओतप्रोत सुंदर आकर्षक झांकियो के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नशा उन्मूलन एवं सर्व शिक्षा अभियान पर आयोजित गोष्ठी का आयोजन किया गया।

ग्राम सिसइयां में आयोजित दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ भंते विमल बोधी ने बुद्ध वंदना कर किया और कारगिल शहीद हरिओम सिंह के बेटे कुंवर शिवम प्रताप सिंह ने शोभायात्रा को पंचशील की झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा में बुद्ध, अंबेडकर एवं बहुजन महापुरुषों के जीवन दर्शन से जुड़ी दर्जनों आकर्षक झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा अंबेडकर पार्क में विसर्जित हुई। रात्रि में अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित नाट्यमंचन हुआ। सेवानिवृत्ति सब इंस्पेक्टर लल्लू सिंह ने विभिन्न कक्षाओं में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बौद्ध महा. उपासक डॉ. क्रांति कुमार ने कहां की बहुजन महापुरुषों के कारवा को गति देने से ही शोषित पीड़ित समाज का उत्थान हो सकता है। बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर जयपाल सिंह ने कहा कि आज हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा देनी चाहिए जिससे कि वह उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सके। जनसभा को बसपा के जिलाध्यक्ष रक्षपाल सिंह निमेष, डॉ0 गुच्छन इरफान, चिरंजी लाल एडवोकेट, महिपाल सिंह टंडन, राजीव कुमार, ज्ञान सिंह पाल, ब्रह्मानंद गौतम एडवोकेट, नरेश पाल, जहीर अहमद, अरविंद कुमार, हुरेंद्र पाल सिंह, धीरज सागर, अनीता बौद्ध, पुष्पा गौतम, आरती कुमारी, प्रीती सिंह, सविता अंबेडकर आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. हेम सिंह, आनंद भारती ग्राम प्रधान, जयपाल सरपंच, सत्यपाल सिंह, सुनील बाबू, हाकिम सिंह, गिर्राज किशोर, नरेश गौतम, लाल सिंह, डॉ. अजीत, राज. ेश्वर, हरनाम सिंह, डॉ. मुकेश क्षेत्र पंचायत सदस्य, राजाराम मास्टर, प्रेम कुमार, मेहरबान सिंह, सतीश, धीरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, अतर सिंह, अमरदीप, सूरजपाल, बीरबल, डॉ. सुरेंद्र, भगवान दास, यशवंत सिंह, रज्जू, देवेंद्र कुमार, लव कुमार, छोटेलाल, जयपाल, परमेश्वरी, सुरजीत, संग्राम, विनोद कुमार, बीपी सिंह, नेकराम ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप ने लगाया आंखों का चेकअप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स द्वारा जनसेवा के प्रकल्पों की कड़ी में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आँखों का चेकअप, फ्यूचर का बैकअप कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 125 स्कूली बच्चों की आँखों का बारीकी से चेकअप किया गया। जिसमें 19 बच्चों की नजर कमजोर पाई गई। इन बच्चों को ग्रुप द्वारा फ्री चश्में प्रदान किए जाएंगे। नेत्र चिकित्सक डॉ. हजारीलाल वार्ष्णेय एवं शिवम् वार्ष्णेय ने बच्चों को आँखों की देखभाल और डिजिटल स्क्रीन (मोबाइल/कंप्यूटर) से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफिसर नितिन गुप्ता, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, प्रवीन अग्रवाल नादान, जितेन्द्र वार्ष्णेय, विद्यालय के प्रबंधक मुक. ेश यादव सहित विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## एक नजर

# गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में अभियुक्त को 2 वर्ष 07 माह 27 दिन कारावास

**5000 हजार रुपये का जुर्माना लगाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत महोदय के निर्देशन में पीलीभीत पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना/अभियोजन की पैरवी से न्यायालय द्वारा धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में अभियुक्त को 2 वर्ष 07 माह 27 दिन कारावास व 5000/ रुपये अर्थदण्ड की सजा दी गई। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के कुशल निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा चलाये जा रहे ष्ऑपरेशन कनविक्शनष दिनांक 02.01.2022 की सूचना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 10/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य एवं सुबूत के साथ अभियुक्त जाकिर पुत्र जाफर नि० ग्राम चका थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत के विरुद्ध दिनांक 07.03.2022 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय ।श्र/च/स्पे जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट, पीलीभीत में पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी से विचारण की कार्यवाही संपन्न हुई और विचारण के दौरान पुलिस द्वारा न्यायालय में उपलब्ध कराए गए साक्ष्य एवं सुबूत के आधार पर दिनांक 11.05.2026 को अभियुक्त उपरोक्त को धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए 02 वर्ष 07 माह 27 दिन कारावास व 5000/ रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# बिसौली में श्रद्धा के साथ मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** सोमवार को नगर पालिका परिषद द्वारा तहसील परिसर स्थित शिवमन्दिर में भारतीय संस्कृति आस्था और श्रद्धा के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर-हर महादेव की जयघोष गूंजता रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता और सरिता वार्ष्णेय सहित कई महिलाओं ने विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नगर में धार्मिक आयोजन के साथ-साथ नगर पालिका ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रो में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस अवसर पर एसडीएम, आईएएस श्री साई आश्रित शाखमुरी, नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, तहसीलदार, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नगर पालिका लिपिक राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, सभासद कृष्णा गुप्ता, सरिता वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, सौरभ भिल्ला, शिवशंकर रस्तोगी, महेश मौर्य, संगीता रस्तोगी, रूपकिशोर आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** 730-आसाम रोड नेशनल हाईवे स्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल मोहनपुर जप्ती में मातृ दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधिका राजपाल कौर, प्रबंधक बलराज सिंह बाजवा, एमडी भूपिंदर सिंह बाजवा, एमडी एकेडमिक हरमनद. ीप भंगू तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार कुशवाहा, उप प्रधानाचार्य रंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।

अवसर कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम स्कूल में आई हुई माता को तिलक लगाकर तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इसी के साथ विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जैसे आँखों को बंद करके अपने बच्चों को पहच. ानना, बच्चों के द्वारा नेल पेंट लगाना, बलूंस बैलेंसिंग आदि। इसी के साथ बच्चों ने अपनी माता के लिए नृत्य, कहानी तथा खेलों के माध्यम से सम्मानित किया प्रति विध्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। जिसमें स्कूल के कक्षा एनसी के छात्र-छात्रा ने प्रतिभाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक राजपाल कौर ने बताया कि आज का दिन मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का मौका होता है। मां अपने बच्चों की खुशी के लिए जीवन भर संघर्ष और त्याग करती है, कार्यक्रम का सफल संचालन ने किया। इस अवसर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार कुशवाहा ने बताया कि मातृ दिवस हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है, जो मां के नि:स्वार्थ प्रेम, सर्वोच्च बलिदान, और परिवार के लिए उनके समर्पण को सम्मानित करने का एक विशेष दिन है। यह दिन बर्चा को अपनी मां के प्रति आभार व्यक्त करने और उनके अतुलनीय योगदान को याद करने का अवसर देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वाती सिंह और कोमलदीप कौर ने किया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# लाइटर गन दिखाकर पेट्रोल पंप कर्मी को धमकाया

- पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत समरथ फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी प्रेशर को लेकर हुए विवाद में कार सवार व्यक्ति द्वारा पिस्टलनुमा वस्तु दिखाकर धमकी देने के पर आरोपी प्राइवेट बैंक मैनेजर को गिरफ्तार कर के भेज दिया।

पुलिस की तरफ से जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि अवगत कराना है कि मई को वादी नन्दपाल पुत्र जीवनलाल निवासी ग्राम खमरिया पट्टी थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत, उम्र करीब 35 वर्ष द्वारा थाना पूरनपुर पर लिखित तहरीर दी गई कि वह पीलीभीत रोड स्थित समरथ फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी सेल्समैन के रूप में कार्य करता है। प्रात: लगभग 08 :00 बजे एक अर्टिगा कार संख्या UP-25-DN- 6593 से आए व्यक्ति द्वारा सीएनजी का प्रेशर पूछे जाने पर वादी द्वारा लगभग 200 प्रेशर बताया गया, जबकि मशीन पर प्रेशर 190 था। इसी बात को लेकर कार चालक व सेल्समैन के मध्य विवाद हो गया।

आरोप है कि कार सवार व्यक्ति ने आवेश में आकर अभद्रता की तथा गाड़ी से पिस्टलनुमा वस्तु निकालकर धमकी दी। मौके पर आसपास के लोग एकत्र होने पर उक्त व्यक्ति वहां से चला गया। स्थानीय पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच एवं सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि कार में मौजूद व्यक्ति शिवनाथ पुत्र स्व विश्वनाथ श्रीवास्तव निवासी हाउस नं 29 ब्लिस कॉलोनी जनपद पीलीभीत, उम्र करीब 44 वर्ष है, जो आईसीआईसीआई बैंक पलिया कला में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है। जांच में सीसीटीवी फुटेज में शिवनाथ को कार से पिस्टलनुमा वस्तु निकालते हुए देखा गया। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पूरनपुर पर मुक. दमा पंजीकृत किया गया है। जांच में बरामद पिस्टलनुमा वस्तु पिस्टल न होकर पिस्टल के आकार का लाइटर पाया गया है।

# गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं तक समय पर पहुंचाया जाए: पियूष गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पूर्ति कार्यलय पर मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें पूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार ने एजेंसियों को निर्देशित किया कि लंबित डिलीवरी को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं तक समय पर पहुंचाया जाए। श्री गंगवार ने उपभोक्ताओं की सुविधा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए गैस एजेंसियों को होम डिलीवरी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। जिससे लोगों को घर बैठे गैस सिलेंडर मिल सके और वितरण केंद्रों पर भीड़ कम हो। इस दौरान रमाया गैस एजेंसी खेड़ादास, गुरु कृपा भारत गैस आसफपुर, शिव शक्ति ग्रामीण वितरक एजेंसी मुंडिया धुरेकी, महाविद्या भारत गैस एजेंसी दवतौरी, वटकेश्वर इंडेन गैस पेंपल, राधा गोविंद भारत गैस, जय शिव इंडेन गैस वजीरगंज आदि के प्रतिनिधि एवं प्रबंधक उपस्थिति रहे।

# 30 मई तक परम्परागत कारीगर, नि:शुल्क इलैक्ट्रॉनिक चॉक हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार द्वारा बताया गया कि उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क माटीकला टूल किट योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क टूल्स किट्स वितरण योजना में जनपद-बदायूँ के प्रजापति समाज के परम्परागत कारीगर/स्वरोजगार में रूचि रखने वाले युवक/युवतियों को आधुनिक नि:शुल्क माटीकला इलैक्ट्रिनिक चॉक नि:शुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट https://upmatikalaboard.in की ऑनलाइन सेवाओ के अन्तर्गत ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन में आवेदन पत्र 30 मई 2026 तक आमन्त्रित किये जाते है।

आवेदको का चयन विभाग द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से किया जायेगा। जिसमें माटीकला कामगारो/परम्परागत कारीगरों एवं आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे, वी०पी०एल० परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो। ऑनलाइन आवेदन जनसेवा केन्द्र/लोकवाणी केन्द्र से कर सकते हैं, ऑनलाइन आवेदन पत्र के डाउनलोड उपरान्त स्वाहस्ताक्षर प्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय-मो. शहवाजपुर पुरानी चुंगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है।

# सेंट जोसेफ स्कूल में विद्यार्थी कैबिनेट का गठन

- आराध्य हेड ब्वाय व जास्मिन बनीं हेड गर्ल
- कैबिनेट सदस्यों द्वारा स्कूल प्रशासन को सहयोग का वादा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में मौजूदा सत्र के लिए विद्यार्थी कैबिनेट का गठन किया गया। आराध्य सिंह को हेड ब्वाय व जास्मिन कौर को समारोहपूर्वक हेड गर्ल चुना गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या ने नवनिर्वाचित सदस्यों को पद की शपथ दिलाई गई। मौजूदा सत्र के लिए सोमवार को नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में कैबिनेट के नव निर्वाचित सदस्यों का समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें कक्षा 12 के आराध्य सिंह को हेड ब्वाय व इसी कक्षा की जास्मिन कौर को हेड गर्ल, सनवीर सिंह व कृतिका ग्वाल अनुशासन प्रभारी, अरमान सिंह व मनस्वी खंडेलवाल को गेम्स कैप्टन के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में चारों हाउसों के कैप्टन व वायॅस कैप्टनों का भी चुनाव करके पद व जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत मैनेजर फादर ग्रेगरी, प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या, प्रमति दीक्षित, एलएम नेगी, डॉ शाहीन अहमद, व प्रशांत भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित कर के की। खेल प्रशिक्षक एलएम नेगी के निर्देशन में कैबिनेट सदस्यों ने अपने हाउस के बच्चों के सामने परेड करते हुए सदस्यता का हलफ उठाया। कार्यक्रम में ब्लू हाउस की कैप्टन प्रियांशी सिंह को हेमा नेगी व वाइस कैप्टन काव्यांश गुप्ता को मनजिंदर सिंह ने, ग्रीन हाउस के कप्तान प्रांजल खंडेलवाल को अंजुम खान व वाइस कैप्टन ऐशल. ीन कौर को सिस्टर संजना, रेड हाउस के कप्तान कृष्ण वत्स को राजीव सिंह व वाइस कैप्टन मोक्ष गुप्ता को कारज सिंह, यलो हाउस के कप्तान हरमन जीत सिंह को राजवीर वर्मा व वाइस कैप्टन अमरा शाहीन को प्रमति दीक्षित ने सैशे व फ्लैग देकर जिम्मेदारी सौंपीं। कक्षा 5, 6 व 7 के बच्चों ने करियोग्राफर अलीशा कुजूर के निर्देशन में एक बेहतरीन प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही सभी धार्मिक किताबों से पाठ भी किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एलएम नेगी, भारती पांडे और कोमल गुप्ता ने तैयार की थी। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद उमैर और अनुष्का मिश्रा ने किया। साथ ही दसवीं क्लास के वह बच्चे जिन्होंने 90% से ऊपर अंक अर्जित किये, को भी सम्मानित किया गया। इनमें तनमय अग्रवाल 96.8 %अनुष्का मिश्रा 96.4%, मोहम्मद उमैर 96.4%, रिफत मदार खान 95. 2%, काव्यांश गुप्ता 94.6%, यश गुप्ता 93.8% व भूवि गुप्ता 93.8 प्रतिशत सहित 13 बच्चों को फादर ने सम्मानित किया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावकों को भी बुलाया गया जो कार्यक्रम के गवाह बने।

# भीषण गर्मी में स्काउट-गाइड बने राहगीरों के सहारा, 'जल ही जीवन' का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बदायूं।** गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर का 11वां दिन सेवा और समर्पण के नाम रहा। भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल राहगीरों और दूर-दराज से आए यात्रियों को शीतल जल पिलाकर स्काउट्स ने भीषण तपिश में राहत पहुंचाई। शिविर के माध्यम से जल संरक्षण और मानव सेवा का संदेश भी दिया गया।शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने सेवा कार्यों की सराहना की। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, ष्जल अमृत है और जीवन का मूल आधार भी है। युद्ध और विनाश प्रकृति व जल स्रोतों को गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। आज दुनिया के कई हिस्सों में पीने योग्य पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए एक बड़ा सबक है। यदि जल, जंगल और प्रकृति की रक्षा नहीं की गई, तो आने वाला समय और अधिक कठिन होगा।ष्जिला संगठन कमिश्नर मु. असरार ने कहा कि बढ़ती गर्मी और जल की कमी मानव के लिए चेतावनी है, इसलिए जल की प्रत्येक बूंद की बर्बादी रोकना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने वर्षा जल संचयन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। गाइड कैप्टन रेनू गुप्ता और डाल कुमारी ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा है।इस अवसर पर महीपाल सिंह ने सभी से जल बचाने, पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में रविनीत कौर, कृष्णा, आरुषि, मोहिनी, कीर्ति, वैष्णवी, अनुष्का, देवांश, रोशनी, रोहित गुप्ता, फरदीन अहमद आदि स्काउट-गाइड्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# आधुनिक तकनीकों से गन्ना खेती में सफलता की नई इबारत लिख रहे कृषक प्रदीप सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद के विकासखंड उझानी क्षेत्र के ग्राम गठौना निवासी कृषक प्रदीप सिंह ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर गन्ना खेती में सफलता की नई मिसाल कायम की है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि खेती को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नई तकनीकों के साथ किया जाए, तो कृषि न केवल लाभकारी व्यवसाय बन सकती है बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकती है। खेती में ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है। अगर हम विज्ञान को हल के साथ जोड़ दें, तो किसान कभी कर्जदार नहीं रहेगा।

प्रदीप सिंह ने मास्टर ऑफ एग्रीकल्चर (एम.एससी. एग्रीकल्चर) की शिक्षा प्राप्त करने के बाद पारंपरिक नौकरी की राह चुनने के बजाय अपने पुश्तैनी खेतों में आधुनिक खेती को अपनाने का निर्णय लिया। उन्होंने देखा कि पारंपरिक तरीके से गन्ना उगाने वाले किसानों को लागत अधिक और लाभ कम मिल रहा है। मिट्टी की उर्वरता कम होती जा रही थी तथा जल स्तर भी लगातार नीचे जा रहा था। इन चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए उन्होंने आधुनिक तकनीकों पर आधारित स्मार्ट फार्मिंग की शुरुआत की।

उन्होंने गन्ना खेती में ट्रेंच विधि को अपनाया, जिसमें गहरी नालियां बनाकर गन्ने की बुवाई की जाती है। इस तकनीक से पौधों की जड़ें गहराई तक फैलती हैं, गन्ना अधिक मजबूत होता है तथा तेज हवाओं में फसल गिरने की संभावना कम हो जाती है। साथ ही पौधों के बीच पर्याप्त दूरी रहने से धूप और हवा का संचार बेहतर होता है, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ती है।

जल संरक्षण की दिशा में भी प्रदीप सिंह ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने अपने खेतों में ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित की।

# बेन-हर पब्लिक स्कूल ने 3-1 से जीता मुकाबला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल और बेन-हर पब्लिक स्कूल के बीच मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन 11 मई 2026 को बेन-हर गुरुकुल टनकपुर रोड पर किया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 बराबरी पर रहने के बाद विज. ेता का फैसला टाई-ब्रेकर के माध्यम से किया गया, जिसमें बेन-हर पब्लिक स्कूल ने बेन-हर गुरुकुल को 3-1 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। बेन-हर पब्लिक की ओर से युमिन रजा व मो हमजा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 गोल किए, जबकि बेन-हर गुरुकुल की ओर से प्रबल ने 1 गोल दागा। इस अवसर पर बेन-हर पब्लिक स्कूल की संस्थापक रंजीत सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रधानचर्या डॉ. निर्मल कौर, एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह, ऐकडेमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित, कोच देव सिंह, रमनदीप सिंह, मनोज भास्कर आदि उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में रेफरी की भूमिका देव सिंह और मनोज भास्कर के दिशा- निर्देश में की गई। अंत में विद्यालय प्रशासन ने विजेता टीम को बधाई दी तथा सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विकास के दावों की खुली पोल: जलभराव और कीचड़ के बीच भविष्य गढ़ने को मजबूर नौनिहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और विद्यालयों के कायाकल्प को लेकर लगातार बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन बिसौली क्षेत्र के ग्राम कोट की बदहाल तस्वीरें इन दावों की हकीकत बयां कर रही हैं। गांव की मुख्य सड़क पर फैला जलभराव और कीचड़ न केवल ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, बल्कि स्कूली बच्चों और श्रद्धालुओं की मुश्किलें भी लगातार बढ़ा रहा है।

गांव के प्राथमिक विद्यालय और प्राचीन मंदिर के सामने सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सड़क और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो गया है।

बारिश के बाद जमा गंदा पानी लंबे समय से नहीं निकला, जिससे पूरे क्षेत्र में दलदल जैसी स्थिति बन गई है। विद्यालय जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को रोजाना इसी जलभराव और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के सामने बनी यह स्थिति बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। एक ओर सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बच्चे बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जोखिम उठाकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनमें नाराजगी व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं कराया गया। विभागीय अनदेखी के चलते ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराकर जलनिकासी की व्यवस्था कराई जाए, ताकि बच्चों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# दिवंगत भाजपा नेता कुलदीप शर्मा के परिवार से मिले बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य, दी आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली ( बदायूं )।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा की नोएडा में हुई असामयिक मृत्यु के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

इस दुखद घड़ी में बिसौली के विधायक आशुतोष मौर्य ष्राजू भैयाष ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए दिवंगत नेता के परिवार को सहारा दिया है।

रविवार को बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ष्राजू भैयाष विकास खंड के ग्राम पलिया पहुंचे। उन्होंने कुलदीप शर्मा के चित्र पर पुष्पांज. लि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने कहा कि कुलदीप एक ऊर्जावान युवा नेता थे, उनका इस तरह जाना समाज और संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है।

## सोशल मीडिया की अपील पर बढ़ाया मदद का हाथ

बीते दिनों नोएडा में एक सड़क दुर्घटना में कुलदीप शर्मा का निधन हो गया था। जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थकों और स्थानीय लोगों ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए मदद की अपील की थी। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विधायक आशुतोष मौर्य ने स्वयं आगे बढ़कर परिवार को व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता प्रदान की और भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। दौरान विधायक के साथ कई क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने उनके इस सेवाभावी कदम की सराहना की।

# लैपटॉप चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**■ नोएडा में छह महीने से थे एक्टिव, 31 लैपटॉप बरामद, 250 कर चुके चोरी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कार की शीशा तोड़कर महज 5 सेकेंड में लैपटॉप चोरी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार किए गए। इनके पास से 31 लैपटॉप और पोर्टेबल मशीन बरामद की गई। इसी मशीन के जरिए ये लोग कार का शीशा तोड़कर सामान चोरी करते है। इनके नाम लविश, अंकित और राजेंद्र वर्मा है। एडीसीपी ने मनीषा सिंह ने बताया कि ये गैंग छह महीने से सक्रिय है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर तीनों को सोरखा से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री और आसपास के एरिया में खड़ी कार की पहले रैकी करते। टार्च से अंदर देखते है। लैपटॉप बैग होने पर मशीन के जरिए महज 5 सेकेंड में शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी कर फरार हो जाते है।



**सुनसान इलाकों में छिपाते:** चोरी किए गए लैपटॉप को सुनसान स्थानों पर छिपा देते है। साथ ग्राहक मिलने पर उसको बेच देते है। मिले पैसों को आपस में बांटकर मौज मस्ती करते है। ये लोग लैपटॉप के पार्टस भी बेचते है। पुलिस अब इनके और साथियों को तलाश कर रही है।

**छह महीने से है एक्टिव:** पुलिस ने बताया कि इनके ऊपर नोएडा में करीब 10 मुकदमे है। इसके अलावा दिल्ली, गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य हिस्सों में भी ये सक्रिय है। चोरी की बाइक का प्रयोग ये वारदात को अंजाम देने के लिए करते है। बताया गया कि छह महीने में 250 से ज्यादा लैपटॉप चोरी कर चुके है।

# मोनिका नागर हत्याकांड में मुख्य आरोपी अब भी फरार, पुलिस की कई जिलों में दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** घोड़ी बछेड़ा गांव में विवाहिता मोनिका नागर की हत्या के मामले में चार दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। दादरी कोतवाली पुलिस ने पति अनुज चौहान और उसके परिजनों की तलाश में गौतमबुद्धनगर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह जिलों में दबिश दी है। लेकिन अब तक आरो. पियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मोनिका नागर की हत्या संपत्ति विवाद में किए जाने का आरोप है। मृतका के परिजनों का कहना है कि करोड़ों रुपये की संपत्ति हासिल करने के उद्देश्य से मोनिका पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। मालूम हो कि घोड़ी बछेड़ा गांव निवासी अनुज चौहान ने बरोला निवासी मोनिका नागर से प्रेम विवाह किया था। वर्ष 2019 में मोनिका के पिता की मृत्यु के बाद बरौला और दुजाना गांव स्थित संपत्ति मोनिका और उसकी मां रेनू नागर के नाम दर्ज हो गई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और उसके परिवार के लोग संपत्ति बेचने के लिए मोनिका पर दबाव बना रहे थे। 7 मई की दोपहर घर के भीतर मोनिका के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट ले गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों और पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने इस मामले में सोमवार को रामगढ़ फाटक के पास से करन को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ है। पुलिस ने आरो. पियों के घर पर दबिश दी है लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है।

मृतका की मां को कार से कुचलने का प्रयास : मृतका की मां रेनू नागर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह घटना की सूचना मिलने पर घोड़ी बछेड़ा गांव पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें डराने और नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। उनका आरोप है कि फॉर्च्यूनर गाड़ी से उन्हें कुचलने का प्रयास किया गया, हालांकि वह बाल-बाल बच गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। एसीपी ग्रेटर नोएडा प्रशाली गंगवार ने बताया कि मोनिका हत्याकांड में नामजद पति अनुज चौहान और उसके परिजन घटना के बाद से फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो विशेष टीमें गठित की गई हैं।

## मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से सोमवार सुबह 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह सूचना मिली कि सेक्टर-63 के इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने नीचे छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# ग्रेनो में ओपन जिम लगाने का काम जल्द शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना, सिरसा, डाढ़ा और गिरधरपुर समेत 18 गांवों में ओपन जिम लगाने का काम इस हफ्ते शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय के परिसर और खेल मैदान में पहले ही जगह चिन्हित कर ली गई है। प्राधिकरण ने चयनित कार्यदायी संस्था को कार्य आदेश जारी कर दिया है।

प्राधिकरण ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सेक्टरों के साथ अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में ओपन जिम स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सेक्टर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम लगाने के बाद अब क्षेत्र के गांवों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराने का काम शुरू कर दिया गया है। परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक और वर्क सर्किल-8 के प्रभारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में क्षेत्र के 18 गांवों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। चयनित किए गए गांवों के प्राथमिक विद्यालय और खेल मैदान में जगह चिन्हित की गई है। गांवों का चयन जनप्रतिनिधियों के दिशा-निर्देश और जागरूक लोगों से विचार- विमर्श कर किया गया। अधिकारी के मुताबिक प्रत्येक जिम में छह प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे। इस पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उपकरणों की आपूर्ति और उन्हें लगाने के लिए चयनित एजेंसी तीन साल तक रखरखाव भी करेगी। ओपन जिम लगाने का काम छह माह में पूरा कर लिया जाएगा। घर के नजदीक ओपन जिम की सुविधा होने से लोग आसानी से फायदा उठा सकेंगे। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के ज्यादातर सेक्टरों के पार्कों में ओपन जिम स्थापित की जा चुकी है।



> सेक्टरों की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों में भी ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र के 18 गांवों में यह काम जल्द शुरू हो जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। इससे गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा होगी।
>
> **- रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा।**

**इन गांवों में ओपन जिम लगाई जाएगी-** कासना, बिरौंडा, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, लड़पुरा, घंघोला, चीरसी, अस्तौली, गिरधरपुर, अमीनाबाद उर्फ नियाना, रामपुर माजरा, आजमपुर गढ़ी, दलेलगढ़, बागपुर, बिसायच, दादूपुर और नवादा।

**उपकरण की सूची**

**ये उपकरण लगाए जाएंगे-** ओपन जिम में पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सिट-अप स्टेशन, शरीर को घुमाने और मरोड़ने के लिए उपयोग में आने वाला ट्विस्टर, एयर वॉकर, वन सीटेड चेस्ट प्रेस, खींचने वाली कुर्सी, पैर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए लेग प्रेस, मोटे रबर के फर्श की टाइल्स आदि उपकरण लगाए जाएंगे।

**ग्रेनो वेस्ट में तैयारी:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टरों में स्थित पार्कों में भी ओपन जिम, गार्डन बेंच और झूले लगाने की तैयारी चल रही है। इसकी निविदा जारी की जा चुकी है। ओपन जिम के साथ गार्डन बेंच और झूले लगाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2, 3, 16, 10,12, इकोटेक-12, टेक्जोन-4 व नॉलेज पार्क-5 आदि सेक्टरों में 70 से

## एक नजर

### बंद घर से लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया। लोहे की रॉड से गेट तोड़कर चोर घर में घुसे और लाखों रुपये के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चुराकर फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सेक्टर न्यू वन निवासी अमित कुमार सक्सेना मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वह अपने परिवार के साथ 1 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बिहार गए थे, जिसके कारण उनका घर बंद था। घर को खाली देखकर दो चोरों ने लोहे की रॉड से गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। घर में घुसने के बाद, उन्होंने सबसे पहले लाइट जलाई और एक सीसीटीवी कैमरा देखा, जिसे उन्होंने तुरंत ऊपर की ओर घुमा दिया ताकि उनकी हरकतें रिकॉर्ड न हो सकें।

चोर कई घंटों तक घर के अंदर रहे और इस दौरान उन्होंने लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद, वे मौके से आसानी से फरार हो गए। जब पीड़ित परिवार 6 मई को शादी समारोह से वापस लौटा, तो उन्हें घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि दो अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

पीड़ित परिवार ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

### निर्माणाधीन इमारत से गिरकर ठेकेदार की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-142 में निर्माणाधीन इमारत से गिरकर ठेकेदार की मौत हो गई। वह पहली मंजिल पर खड़ा होकर श्रमिकों से काम करवा रहा था। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से मालदा पश्चिम बंगाल का रहने वाला 65 वर्षीय मुस्तफा ने सेक्टर-142 में इमारत के निर्माण कार्य का ठेका लिया था। मुस्ताफा रविवार को पहली मंजिल पर खड़ा होकर श्रमिकों से काम करवा था। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरा। श्रमिकों ने उसको अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि अस्पताल से ठेकेदार की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पिज्जा बनाते समय थूक लगाने का वीडियो वायरल, कर्मचारी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में एक पिज्जा दुकान के कर्मचारी द्वारा पिज्जा बनाते समय उस पर थूक लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर हिंदू संगठनों के लोगों ने थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन भी किया।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि 10 मई की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सेक्टर-22 स्थित एक पिज्जा दुकान में काम करने वाला कर्मचारी पिज्जा बनाते समय आपत्तिजनक कृत्य करता दिखाई दे रहा था। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और आरोपी मुजम्मिल पुत्र साकिर निवासी ग्राम गिझौड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की उम्र 30 वर्ष है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## चोरी के फोन झारखंड में बेचता था, गिरोह के आरोपी को नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साप्ताहिक बाजारों से मोबाइल फोन चोरी कर उन्हें झारखंड में सस्ते दामों पर बेचने वाले गिरोह से जुड़े आरोपी शेखर की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। अदालत ने मामले की गंभीरता, बड़ी संख्या में मोबा. इल बरामदगी और आरोपी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए राहत देने से इन्कार कर दिया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, मामला थाना फेस-2 से जुड़ा है। अभियोजन के मुताबिक 6 जनवरी 2026 की रात पुलिस टीम ने सेक्टर-80 स्थित सैमसंग तिराहे के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी शेखर और उसके साथियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से 300 रुपये और 80 मोबा. इल फोन बरामद होने का दावा किया था।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित रूप से स्वीकार किया कि वह नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से लोगों के मोबाइल चोरी करते थे। इसके बाद वे इसे अपने कमरे में जमा कर लेते थे और संख्या अधिक होने पर झारखंड ले जाकर राह चलते लोगों को कम कीमत पर बेच देते थे। गिरफ्तारी के समय आरोपी और उसके साथी मोबाइल फोन लेकर झारखंड जाने की तैयारी में थे। आरोपी के अधिवक्ता ने दलील दी कि सह-आरोपी श्याम कुमार राय, प्रदीप, रोहित सैनी और गोविंदा को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

## इलेक्ट्रिक कार में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक चलती इलेक्ट्रिक कार में आग लग गई। कार देखते ही देखते धूं-धूं कर जलने लगी। ड्राइवर ने तुरंत दरवाजा खोलकर बाहर छलांग लगा दी। तब जाकर उसकी जान बच पाई। यह घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट की है। सूचना मिलते ही फायर विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। उसने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक इलेक्ट्रिक कार पूरी तरह जल चुकी थी। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें गौर सिटी मॉल वाले रोड पर गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एक फायर टेंडर भेजा गया।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल, चार एडीसीपी और कई एसीपी के तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार शाम चार अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) और आधा दर्जन सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) के तबादले किए हैं। पुलिस विभाग में चर्चा है कि जल्द ही कुछ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया जा सकता है।।बताया जा रहा है कि अप्रैल माह में हुए श्रमिक हिंसक आंदोलन के दौरान कुछ अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर पुलिस आयुक्त नाराज थीं। इसके बाद विभागीय स्तर पर समीक्षा करते हुए यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि एडीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह को एडीसीपी सेंट्रल नोएडा नियुक्त किया गया है। वहीं एडीसीपी ट्रैफिक संतोष कुमार को एडीसीपी ग्रेटर नोएडा बनाया गया है। इसके अलावा एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार को एडीसीपी मुख्यालय तथा एडीसीपी सेंट्रल जोन रहे आरके गौतम को एडीसीपी अपराध, पुलिस लाइन, मॉनिटरिंग सेल एवं आंकिक शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एसीपी स्तर पर भी कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। एसीपी जितेंद्र कुमार सिंह को एसीपी सेंट्रल जोन-द्वितीय, एसीपी अनिल कुमार पांडे को एसीपी नोएडा-द्वितीय नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त एसीपी पवन कुमार को एसीपी ट्रैफिक ग्रेटर नोएडा जोन, एसीपी शकील मोहम्मद को एसीपी ट्रैफिक जोन नोएडा एवं प्रोटोकॉल, एसीपी उमेश यादव को एसीपी ट्रैफिक सेंट्रल जोन तथा एसीपी राधा रमन सिंह को एसीपी ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ एसीपी अपराध की जिम्मेदारी दी गई है।

## मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से सोमवार सुबह 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह सूचना मिली कि सेक्टर-63 के इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने नीचे छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# ट्रक चालक पर फायरिंग करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के दस्तमपुर गांव के समीप साइड न देने पर एक ट्रक चालक पर फायरिंग करने वाले दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस घटना में शामिल दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक दस्तमपुर गांव के समीप 21 अप्रैल को साइड न देने पर कार सवार युवकों ने ट्रक चालक पर फायरिंग की थी। गनीमत रही थी कि गोली ट्रक की खिड़की में जाकर लगी थी। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



इस घटना के बाद से दो आरा. पी फरार चल रहे थे। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद फरार आरो. पियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सागर निवासी मंगरौली रोड जेवर और संगीत निवासी गांव थोरा कस्बा जेवर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## घर के बाहर खेल रहे पांच साल के मासूम पर गिरा लोहे का भारी गेट, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-93 स्थित गेझा गांव में एक बेहद दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर के बाहर खेल रहे 5 वर्षीय मासूम की लोहे का भारी गेट गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि आसपास के लोगों में भी शोक की लहर दौड़ गई।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसे देखने के बाद आस पास के निवासी में गमगीन माहौल बन गया और वीडियो तेजी से वायरल हो गया।पुलिस द्वारा सोमवार को जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नोएडा फेस दो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बच्चा घर के बाहर गेट पर झूल रहा था, तभी अचानक गेट गिर गया। हादसे में घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी की गई तो पता चला कि, नवदीप पुत्र मनीष कुमार निवासी सेक्टर-93, नोएडा अपने घर के बाहर लगे लोहे के गेट पर झूलकर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक भारी गेट टूटकर बच्चे के ऊपर आ गिरा। गेट के नीचे दबने से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और आसपास के लोग तुरंत बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन माथे पर गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

# फ्लैट में मूर्छित अवस्था में मिले कंपनीकर्मी ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-135 स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में रहने वाला कंपनकर्मी अपने घर में शनिवार शाम मूर्छित अवस्था में मिला। परिजनों ने पुलिस की मदद से दरवाजा तोड़कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 40 वर्षीय आदित्य कुमार सिंह सेक्टर-135 स्थित एक सोसाइटी में बने डुप्लेक्स फ्लैट में रहते हैं। उनके परिवार में माता-पिता और भाई हैं। वह एक नामी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। कुछ समय पहले उनका पत्नी से तलाक हो चुका है। वह शनिवार शाम अपने कमरे में थे।

दरवाजा अंदर से बंद था। कुछ देर बाद परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। मोबाइल पर कॉल की तो फोन रिसीव नहीं हुआ। चिंता होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से वे दरवाजा तोड़कर मूर्छित अवस्था में जमीन पर पड़े आदित्य कुमार को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आदित्य कुमार की मौत हृदय गति रुकने के चलते हुई।

# नोएडा एयरपोर्ट से चार रूट पर ई-बसें चलेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अगले महीने 15 जून से उड़ान के साथ इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। प्रथम चरण में चार मार्गों पर 15 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। तय किए गए मार्गों पर ई-बसें चलने से एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान होने के साथ ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट के बीच भी आवागमन सुगम हो जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक एक माह के परीक्षण के बाद जरूरत के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। हवाई जहाजों की उड़ान का शेड्यूल यानी कार्यक्रम तय होने के बाद इलेक्ट्रिक बसों का कार्यक्रम उसी के हिसाब से तय किया जाएगा, ताकि एयरपोर्ट से हवाई जहाज पकड़ने के लिए जाने वाले लोग समय से पहुंच सकें।

ई-बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में प्राधिकरण और परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों के बीच बातचीत हो गई है। व्यस्त समय के दौरान अधिक फेरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में पहले से बने बस शेल्टर को संवारने की भी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गैंग का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी के तीन ई-रिक्शा बरामद हुए। आरोपी चोरी के ई-रिक्शों को जल्द बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-63 पुलिस टीम सूचना के आधार पर एफएनजी गोलचक्कर के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान ये आरोपी पकड़े गए। तीनों की पहचान अंकित यादव, शिवम नागर और शशि भूषण ठाकुर के रूप में हुई। तीनों सेक्टर-63 छिजारसी के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी अंकित यादव ने बताया कि उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर रात में अलग-अलग जगहों से ई-रिक्शा चोरी किए थे।



इन ई-रिक्शों को एक से दो दिन के भीतर बेचने की योजना बना रहे थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए तीनों ई-रिक्शों की बैटरियां उन्होंने निकाल ली थीं और उन्हें राह चलते एक फेरी वाले को बेच दिया था। बैटरियां बेचकर मिले पैसों को तीनों ने आपस में बराबर बांट लिया। आरोपियों ने वह रकम खाने-पीने और घूमने-फिरने में खर्च कर दी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कार की टक्कर से बाइक सवार पशु कारोबारी की मौत

## भूसा खरीदकर लौटते समय हुआ हादसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भूसा खरीदकर बाइक से घर लौट रहे पशु कारोबारी की बीबड़ा नहर पुलिया पर एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही वह हवा में उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक मून मसीह मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव सदुपुरा निवासी ज्ञान मसीह का बेटा था। उनके परिवार में पत्नी अमरवती, चार बेटे मून मसीह, सोनू मसीह, जानसन मसीह व मौर्य मसीह हैं। बड़ा बेटा मून मसीह पशुओं की खरीद- फरोख्त का काम करता था। परिवार में पत्नी रेनू के अलावा दो बेटे संस्कार व उत्तम हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार को मून मसीह बाइक पर सवार होकर एक किसान से भूसा खरीदारी के लिए नौगावां सादात आया था। दोपहर में वह घर लौट रहा था, जैसे ही बाइक बीबड़ा नहर की पुलिया पर पहुंची तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि हवा में उछलने के बाद सड़क पर दूर जाकर गिरे मून मसीह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, पहचान के बाद शव मोर्चरी में रखवा दिया। थोड़ी ही देर में रोते-बिलखते परिजन हाउस पहुंच गए तथा पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। मामले में कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकाली भव्य कलश यात्रा

## शिवालयों में धार्मिक व सांस्कृति कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने मन्दिर परिसर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ के नेतृत्व में चूना भट्टी से वासुदेव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

**■ चूना भट्टी से जिलाधिकारी ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ**

कलश यात्रा के दौरान भक्तों ने भक्ति भाव से शिव मंदिरों तक पहुंचकर पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया। यात्रा के समापन पर अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने वासुदेव मंदिर में महाआरती की। इसके बाद शिवालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई का संदेश भी दिया गया। जनपदभर के शिव मंदिरों में मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक, दीपोत्सव, प्रवचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं रंगोली, निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सांस्कृतिक एकता, अखंडता और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक सौहार्द और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति शशि जैन, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन, सुधांशू विश्नोई, आदि मौजूद रहे।





## धनौरा में बीडीओ ने अधिकारियों संग की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सोमवार को सोमनाथ मंदिर की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने ब्लॉक अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ प्राचीन पत्थर कुटी पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक भी कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं की अच्छी भागीदारी रही। श्रद्धालु जयघोष और भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभालते हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

### अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, घर में घुसकर दी हत्या की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

# नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दवाई लेने जा रही युवती को अमरोहा छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाने वाले युवक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। विरोध करने पर आरोपी घर में घुस आया और दोबारा दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई, जिसके बाद आरोपी फहीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नौगावां सादात क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती बीते दिनों दवाई लेने के लिए अमरोहा शहर आ रही थी। उसका आरोप है कि गांव के अड्डे पर खड़े होकर सवारी का इंतजार करते समय गांव का ही रहने वाला फहीम बाइक लेकर वहां आ गया। अमरोहा जाने की बात कहते हुए उसने लिफ्ट दे दी, पूरे विश्वास में लेते हुए बाइक पर बिठा लिया। इसके बाद रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद वह उसे अमरोहा शहर के एक होटल में ले गया, जहां उसका आधार कार्ड लेने के बाद कमरा बुक कर उसने दुष्कर्म किया तथा इसके साथ ही उसने अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि बीती 11 अप्रैल को आरोपी फहीम कॉल कर मिलने का दबाव बनाने लगा, युवती ने जब इसका विरोध किया तो वीडियो वायरल करने कर समाज में बदनाम करने की धमकी दी, बाद में जबरदस्ती घर में घुसकर दुष्कर्म किया, उस समय पीड़िता के परिवार के लोग घर से बाहर गए हुए थे। आरोपी किसी को भी कुछ बताने पर गर्दन काटने की धमकी देते हुए भाग गया। परिजनों के घर पहुंचते ही युवती ने आपबीती बता दी, इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी फहीम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता के शुरुआती बयान दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### प्रेमी ने दवाई के बहाने कराया गर्भपात

# शादी का झांसा देकर बनाये शारीरिक संबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डिडौली क्षेत्र में शादी का झांसा देकर संभल के युवक द्वारा युवती का शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के मुताबिक करीब पांच वर्ष पहले उसकी मुलाकात संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र निवासी दानवीर से हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय पहले युवती गर्भवती हो गई तो आरोपी उसे दवा दिलाने के बहाने बाहर ले गया और वहां से फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि बाद में परिवार के लोगों ने दोनों पक्षों में बातचीत कर शादी कराने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। आरोप है कि 11 मई को आरोपी युवती के घर पहुंचा और शादी से साफ इनकार करते हुए विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस शिकायत के आधार पर जांच में जुट गई है।

# मजदूर की नाबालिग बेटी से पड़ौसी ने किया दुष्कर्म

## मां ने युवक को पकड़ा, धमकी देकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मजदूर की नाबालिग बेटी से पड़ौस में रहने वाले युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। मौके पर पहुंची मां ने आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। जिस पर युवक धमकी देता हुआ फरार हो गया।

मामला डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया के एक मोहल्ले का है। यहां पर एक मजदूर का परिवार रहता है। उसकी पत्नी भी हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करती है। पति-पत्नी काम करने के लिए सुबह घर से निकल जाते हैं। घर पर 17 वर्षीय नाबालिग बेटी रहती है। बीती 3 मई को दोनों काम पर गए थे तथा घर पर बेटी अकेली थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला राहिल शाम के समय घर में घुस आया तथा किशोरी को डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान किशोरी की मां घर आ गई तथा उसने राहिल को बेटी के साथ आपत्ति. जनक हालत में पकड़ लिया लेकिन राहिल धमकी देते हुए भाग निकला। मामले में महिला ने कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने आरा. ेपी राहिल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। चर्चा है कि दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास चल रहा था लेकिन आखिर में पीड़िता की मां ने किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया।

## एक नजर

### भूपेन्द्र चौधरी के केबिनेट मंत्री बनने पर बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी लंबे समय से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने हमेशा छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम किया। इस दौरान विजयवीर सिंह, अंकित वाल्मीकि, सुमित कुमार, अमित गुप्ता, शुभम चौधरी, सीमा चौधरी, पारुल अग्रवाल व पूनम सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर पंचायत में स्वगणना को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। नगर पंचायत के सभा कक्ष में स्वय जनगणना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सेंगर ने नगर के सभी शिक्षकों को जनगणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि 7 मई 2026 से पूरे नगर में घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से सर्वे किया जाएगा।अधिकारियों ने जनगणना कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में विजय शर्मा, नोमान, फहीम समेत कई लोग मौजूद रहे।

### एलएस क्लब में मातृ दिवस पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। एलएस क्लब धनोरा की ओर से रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने अपनी माताओं के सम्मान में कविताएं सुनाईं और उनके प्रति प्रेम व सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में सदस्याओं ने माताओं की अच्छी सेहत, लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी मां से जुड़ी यादें भी साझा कीं, जिससे माहौल भावुक हो गया। क्लब अध्यक्ष कल्पना शर्मा ने कहा कि मां का प्यार और त्याग जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। हमें हर दिन उनका सम्मान करना चाहिए। सुधा शर्मा ने कहा कि मां हर मुश्किल समय में अपने बच्चों का सहारा बनती है और उनका स्थान कोई नहीं ले सकता। इस मौके पर अध्यक्ष कल्पना शर्मा, सुधा शर्मा, सिम्मी अग्रवाल, कंचन दत्त, सीमा यादव, बीना अग्रवाल, विनेश चौधरी, अमिता शर्मा, बबीता चौधरी और चित्रा गर्ग आदि मौजूद रहीं।

### आज छह घंटे बाधित रहेगी नगर की बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। ।33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र ढयोटी पर मंगलवार को 33 केवी ट्रांसफार्मर कंट्रोल पैनल इंस्टॉलेशन का कार्य कराया जाएगा। इसके चलते उपकेंद्र से जुड़े गांवों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी राजन सिंह ने बताया कि उपकेंद्र पर तकनीकी कार्य होने के कारण निर्धारित समय तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। बिजली विभाग के अनुसार कंट्रोल पैनल लगाने से विद्युत व्यवस्था को और बेहतर व सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। विभागीय टीम कार्य को समय से पूरा कराने में जुटी रहेगी।

# मुर्गा फार्म की दीवार काटकर 85 हजार की चोरी

## घटना से व्यापारियों में दहशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली**। थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। कस्बे के मोहल्ला मदीना मस्जिद निवासी शमीम अहमद के मुर्गा फार्म को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े दीवार काटकर 85 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार शमीम अहमद पुत्र सलीम का ढक्का मोड़ के सामने गाड़ी धुलाई सेंटर के पास मुर्गा फार्म है। सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे वह किसी काम से उझारी गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने फार्म की दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और कमरे में कुर्सी पर रखे बैग से 85 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब शमीम वापस लौटे तो दीवार कटी देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुई रकम व्यापारिक काम के लिए रखी गई थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है।

# चकरोड से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

## कलेक्ट्रेट में डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सरकारी भूमि व चकरोड से अवैध कब्जा हटवाने की मांग को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन किया। भूमि को कब्जा मुक्त करा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को तहसील धनौरा के गांव जैथल मुस्तकम के ग्रामीणों ने डीएम नितिन गौड़ को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमे कहा गया है कि 22 अप्रैल को गांव कि सार्वजनिक सरकारी भूमि गाटा संख्या 384, 391 चकरोड व कूडी गड्ढों की पैमाईश की गई थी। जिसमें सरकारी भूमि और चकमर्ग पर अवैध कब्जा पाया गया। कुछ दिन पूर्व समाधान दिवस मे इस मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। अवैध कब्जे के कारण ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कूड़े के गड्ढों पर कब्जा होने से गांव वाले सड़क पर कूड़ा डालने को मजबूर है। गांव में गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। जिससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। उन्होंने मांग की राजस्व विभाग और पुलिस टीम मौके पर भेजकर जेसीबी द्वारा सरकारी भूमि व चकमर्ग एवं कूडी के गड्ढों को कब्जा मुक्त कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में जयवीर सिंह, सुनील, सोनू, आनन्द कुमार, ओमपाल, नरोत्तम, हरि सिंह, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

### वर्दी का रौब | रकम वापस मांगने पर दी जाने से मारने की धमकी

# अधिवक्ता से डेढ़ लाख रूपये लेकर डकार गया सिपाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर कोतवाली क्षेत्र में तैनात रहे एक सिपाही पर अधिवक्ता से उधार लिए गए लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि सिपाही ने पारिवारिक परेशानी का हवाला देकर 1 लाख 60 हजार रुपये उधार लिए थे, लेकिन तय समय बीतने के बाद रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, रुपये मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की शिकायत तत्कालीन एसपी से किए जाने पर हुई जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**■ तत्कालीन एसपी की जांच में खुली पोल, रिपोर्ट दर्ज**

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटकुई निवासी लारेब पेशे से अधिवक्ता हैं तथा जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। उनके मुताबिक उस समय सिपाही शकील कोर्ट में पैरोकार था, जिसके चलते अच्छी जान-पहचान हो गई थी। आरोप है कि 18 जनवरी 2025 को मुलाकात के दौरान शकील ने उन्हें बताया कि उसका परिवार एक परेशानी में घिरा हुआ है, जिससे उभरने के लिए कुछ पैसों की सख्त जरूरत है। मजबूरी बताने पर अधिवक्ता ने उसे 1 लाख 60 हजार रुपये बतौर उधार दे दिए। आरोपी ने जल्द पैसे लौटाने का वादा कर लिया। कुछ समय बाद शकील का तबा. दला शहर कोतवाली में हो गया। वादे के मुता. बिक तय समय पर जब अधिवक्ता ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी सिपाही शकील ने आनाकानी शुरू कर दी, बाद में पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले की शिकायत तत्कालीन एसपी अमित कुमार आनंद से की, इसके बाद प्रकरण की जांच कराई गई तो सिपाही ने उधार पैसे लेने की बात स्वीकार कर ली। पहले शहर कोतवाली के एसएसआई सलीम अहमद और फिर सीओ सिटी अभिषेक ने मामले की अलग-अलग जांच की। जांच के दौरान अधिवक्ता द्वारा लगाए गए आरोप सही मिले। इसी बीच सिपाही शकील का तबादला थाना आदमपुर के लिए हो गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में आरोपी सिपाही शकील के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# चाय पी रहे युवकों को बेरहमी से पीटा

## पीड़ितों ने दी रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के गजरौला रोड तिराहे पर उस समय हड़कंप मच गया। जब एक चाय की दुकान पर बैठे युवकों पर तीन अज्ञात हमलावरों ने अचानक हमला कर दिया।

थाना डिडौली के ग्राम कपासी निवासी यश पुत्र विपिन कुमार अपनी बहन को लेने के लिए हसनपुर आया था। उसके साथ उसके साथी रोहित कुमार और हरवीर सिंह भी मौजूद थे। वे सभी गजरौला रोड तिराहे पर स्थित एक दुकान पर रुककर चाय पी रहे थे। तभी अचानक तीन अज्ञात युवक वहाँ पहुँचे और बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमलावरों ने यश और उसके साथियों पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस मारपीट में ग्राम खैरपुर जनपद संभल निवासी हरवीर सिंह बुरी तरह घायल हो गया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायल हरवीर को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी पर लगा जुर्माना




**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भाा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-3 को तोड़ा, जो 'मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल' से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17-2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई। यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ। ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहां नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया। तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया।

# पंजाब ने दिल्ली को 211 रन का टारगेट दिया

■ श्रेयस-प्रियांश के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू कर रहे हैं।

पंजाब ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यांश शेडगे क्रीज पर हैं। शशांक सिंह 0, मार्कस स्टोयनिस 1, कूपर कोनोली 38, प्रियांश आर्या 56 और प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शार्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शाट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कानाली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बाल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शार्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला आईपीएल विकेट बनाया। इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शाट खेलने की कोशिश में डीप पाइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएल कैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुक. ेश कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की। प्रभसिमरन 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले ओवर के लिए 78 रन की साझेदारी हुई।

### खेल विशेष

## सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक, वार्ता।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में होंगे और यह जोड़ी थॉमस कप में अच्छे नतीजों के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही है, जहां उन्होंने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में मदद की थी।

## एलेक्जेंड्रा एला इटैलियन ओपन के तीसरे राउंड में एलेना रायबाकिना से हारी

**रोम, वार्ता।** कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर इटेलियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वर्ल्ड नम्बर दो एलेना रायबाकिना, जिन्होंने जनवरी में आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, ने बीएनपी परिबास एरिना में पहला सेट 6-4 से जीता और रविवार को अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर में तीसरे दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से जीत पक्की की।

## स्क्वैश: वीर चोटरानी की हार: वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त

**गीजा (मिस्र), वार्ता।** वीर चोटरानी के दूसरे राउंड में दुनिया के नम्बर वन मुस्तफा असल खिलाफ हार के साथ वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। पुरुषों की स्क्वैश रैंकिंग में 45वें नम्बर पर मौजूद वीर चोटरानी, रविवार को पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में लोकल फेवरेट और डिफेंडिग चैंपियन मुस्तफा असल से 3-0 (11-5, 11-2, 11-4) से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। गीजा में खेल रहे चार भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों में से 24 साल के चोटरानी अकेले ऐसे खिलाड़ी थे जो दूसरे राउंड में पहुंच पाए। वीर चोटरानी ने शुरुआती राउंड में अपने ही देश के और भारत के टॉप रैंक वाले खिलाड़ी अभय सिंह को 3-2 से हराकर आगे बढ़े। इस बीच, वेला. वन सेंथिलकुमार और रमित टंडन पहले ही राउंड में बाहर हो गए। वर्ल्ड नम्बर 50 वेलावन सेंथिलकुमार फ्रांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नम्बर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 से हार गए। दूसरी तरफ, 40वीं रैंक वाले रमित टंडन ि के करीम एल टॉर्की से 3-1 से हार गए, जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं।

# मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से हराकर RCB अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची



**रायपुर, वार्ता।** भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 54वें मुकाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंच गई है।

इसी के साथ मुम्बई इंडियंस प्ले ऑफ की रेस बाहर हो गई है। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रनों जरुरत थी। रोमारियो शेफर्ड आखिरी ओवर में 11 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद भुवी ने छक्का लगाकर एक बार फिर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और रसिख सलाम ने मिड ऑन की तरफ खेलकर दो रन लेकर आरसीबी को मैच जिता दिया। आरसीबी ने आईपीएल में दूसरी बार मुम्बई इंडियंस को लीग चरण में दो बार हराया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 39 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए। पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर दीपक चाहर ने विराट कोहली (शून्य) को बोल्ड कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर में चाहर ने देवदत्त पड्डिक्कल (12) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान रजत पाटीदार (आठ) को कार्बिन बॉश ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने जेकब बेथेल के साथ चौथे विकेट लिए 55 रन जोड़े। कार्बिन बॉश ने 13वें ओवर में बेथेल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बॉश ने 16वें ओवर में जितेश शर्मा (18) और टिम डेविड (शून्य) को आउट किया। 18वें ओवर में एम गजनफर ने क्रुणाल पांड्या आउट कर आरसीबी को संकट में डाल दिया। क्रुणाल पांड्या ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।

## मोहम्मद शमी के अनुभव के साथ उतरेगी सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल), वार्ता।** हाल ही में हुई बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कई अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सबसे बड़ा नाम रहे, इसके अलावा आलराउंडर करण लाल को भी टीम ने अपने साथ जोड़ा है। आगामी सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

इसी क्रम में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भी अनुभव, घरेलू प्रदर्शन और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार करते हुए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की खरीद में सबसे चर्चित नाम भारतीय तेज गें. दबाज मोहम्मद शमी का रहा, जिन्हें 5-20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया। वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को 2-50 लाख रुपये में खरीदा गया। फेंचाइजी ने करण लाल के लिए भी जोरदार बोली लगाते हुए उन्हें 8 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, जिससे वह बंगाल टी20 लीग पुरा नीलामी के शीर्ा 10 सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे। नीलामी को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने कहा कि, हम सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए नीलामी के परिणाम से बेहद संतुट हैं।

## 21 विकेटों के साथ भुवनेश्वर ने जमाया पर्पल कैप पर कब्जा



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट झटकर पर्पल कैप पर अपना कब्जा कर लिया। 2016 और 2017 में लगातार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 36 साल की उम्र में भी अपनी कला नहीं खोई है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह और भी बेहतर होते जा रहे हैं।

उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ उनके चार विकेट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ यह इस सीजन में उनके विकेटों की संख्या 21 तक पहुंच गई है और वह पर्पल कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है। शनिवार को कगिसो रबाडा 18 और रविवार को दिन के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ दो विकेट लेकर अंशुल कम्बोज 19 विकेट तक पहुंच गए थे। ए दोनों क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इसके बाद एलएसजी के प्रिस यादव और सनराइजर्स हैदराबाद के इशान मलिगा 16-16 विकेट के साथ आते हैं। फिर गुजरात टाइटंस के राशिद खान और राजस्थान रॉयल्स के जोफा आर्चर 15-15 विकेट वाले गेंदबाज हैं। वहीं ऑरेंज कैप तालिका के मामले में पिछले मैच में एलएसजी के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली, एमआई के खिलाफि भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए और इसी वजह से वह अब भी दसवें स्थान पर अटके हुए हैं।

## एसआरएच की पावर का सामना गिल की दमदार जीटी से होगा




**अहमदाबाद, वार्ता।** विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा। दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है। हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है,

और अभिषेक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना है। उनके साथ, ट्रेविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं। अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गें. दबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है। लेकिन अहमदाबाद ज्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते। बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है। नम्बर इसे साफ दिखाते हैं: गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है। इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है। शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंत. रता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है।

## एएफसी अंडर-17 एशियन कप में भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से हारी



**जेद्दा, वार्ता।** भारत का एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 का कैंपेन निराशाजनक रूप से खत्म हुआ, जब उसे यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप डी मैच में डिफेंडिग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, बल्कि एआईएफए अंडर17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए ऐतिहा. सिक क्वालिफिकेशन हासिल करने की भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं।

उज्बेकिस्तान की जीत ने उनके और ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर दिया, जो अब ग्रुप विनर तय करने के लिए मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया से शुरुआती 4-0 की हार के बाद यह जानते हुए कि सिर्फ जीत ही उनके वर्ल्ड कप के सपने को जिदा रख सकती है, भारत ने रविवार को सावधानी से मुकाबला शुरू किया। उज्बेकिस्तान ने शुरुआती स्तर नियंत्रण बनाए रखा और बार-बार सीधे अटैकिंग रन और आखिरी थर्ड में तेज मूवमेंट के साथ भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की। दबाव के बावजूद, भारत पहले हाफ में ज्यादातर समय डिफेंस में लगा रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोल. कीपर राजरूप सरकार ने डिफेंडिग चैंपियन को दूर रखने के लिए कई जरूरी बचाव किए। हालांकि, 32वें मिनट में एक महंगी गलती के बाद भारत का प्रतिरोध टूट गया। सरकार उज्बेक आक्रमण को रोकने की कोशिश में अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया के अंदर लाजजि अब्दुरईमोव को गिरा दिया। रेफरी ने तुरंत स्पॉट की ओर इशारा किया।

## मैड्रिड को हराकर बार्सिलोना ने जीता ला लीगा का खिताब



**मैड्रिड, वार्ता।** फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा चैंपियन 2025-26 का खिताब अपने नाम किया। यह बर्सिलोना का लगातार दूसरा खिताब है मार्कस रैशफोर्ड ने नौवें मिनट में एक जबरदस्त फ्री किक से स्कोरिंग शुरू की, और फेरान टोरेस ने रविवार को फर्मिन लोपेज और डैनी ओल्मो के शानदार मूव के बाद 18वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। रियल मैड्रिड कभी भी गेम में वापसी करता हुआ नहीं दिखा, और बार्सिलोना दूसरे हाफ में मैच को कंट्रोल करने में कामयाब रहा।

यह बार्सिलोना का 29वां ला लीगा खिताब है। गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ ने आखिरी पलों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और राफिन्हा के अच्छे बचाव किए। मैच के बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने कहा कि यहां रियल मैड्रिड के खिलाफ टाइटल जीतना गर्व का अनुभव है।

बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक, जिनके पिता की मौत की खबर दिन में पहले ही आ चुकी थी, ने मैच के बाद के जश्न में भावुक होकर कहा हम एक शानदार टीम हैं और हमने बहुत अच्छा खेला और बहुत अच्छा डिफेंस किया।

# सम्पादकीय

## मोदी की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तेलंगाना के दौरे पर थे। हैदराबाद में जहां उन्होंने एक सरकारी समारोह में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की वहीं सिकंदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। सिकंदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की। इसके लिए उन्होंने कई रास्ते भी बताए हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान एक साल तक सोना न खरीदने और खाने का तेल कम इस्तेमाल करने की अपील की। कांग्रेस ने पीएम मोदी के बयान की निंदा की है। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आपातकालीन कदम उठाने की जगह जनता को ही मुश्किल में डाल रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा में कहा सप्लाई चेन की इन मुश्किलों के बीच पिछले दो महीने से ही हमारे पड़ोस में इतना बड़ा युद्ध चल रहा है। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा है और भारत पर तो और भी गंभीर असर पड़ा है। भारत के पास बड़े बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। हमें अपनी जरूरत के पेट्रोल-डीजल-गैस ये सभी बहुत बड़ी मात्रा में दुनिया के दूसरे देशों से मंगाने पड़ते हैं। युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टीलाइजर के दाम बहुत अधिक बढ़ चुके हैं। आसमान को भी पार कर गए हैं। पड़ोस के देशों में क्या है वो तो अखबारों में आता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार इस युद्ध के पिछले दो महीनों से देशवासियों को इस संकट से बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नागरिकों पर बोझ ना पड़े, इसके लिए सरकार सारा बोझ खुद अपने कंधे पर उठा रही है। पीएम मोदी ने सप्लाई चेन का हवाला देते हुए कहा कि सप्लाई चेन पर लगातार संकट बना रहे तो हम कितने भी उपाय कर लें मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं। इसलिए अब देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। देश के लिए मरना ही देशभक्ति नहीं होती है, देश के लिए जीना और देश के लिए अपने कर्तव्यों को निभाना वो भी देशभक्ति होती है। ऐसे ही खाने के तेल का भी है। इसके आयात के लिए भी बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। हर खाने में तेल का उपयोग में कुछ कमी करे तो वो भी देशभक्ति का काम है। इससे देश सेवा भी होगी और देह सेवा भी होगी। इससे देश के खजाने का स्वास्थ्य भी सुधरेगा और परिवार के लोगों का भी स्वास्थ्य सुधरेगा। पीएम मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने को लेकर कहा कि जो भी रास्ते अपना सकते हैं वो अपनाना होगा। उन्होंने कहा सोने की खरीद एक और पहलू है जिसमें विदेशी मुद्रा बहुत खर्च होती है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन पीएम मोदी को अब भी यह समझ नहीं आ रहा है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा, यह बेहद शर्मनाक, गैर-जिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनैतिक है कि पीएम इस वैश्विक संकट से हमारी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कोई आपातकालीन योजना बनाने के बजाय, आम नागरिकों को ही मुश्किल में डाल रहे हैं।

## नर्सों के बिना अधूरा है चिकित्सा का आकाश





योगेश कुमार गोयल

नर्सें किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, फिर चाहे वह सार्वजनिक हो अथवा निजी। चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए नर्सें डॉक्टरों के साथ सांझेदारी करती हैं और चिकित्सा संस्थान में प्रवेश करने से लेकर बाहर निकलने तक अपने मरीजों की भलाई के लिए जिम्मेदार रहती हैं। वे मरीजों के स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग का पेशा दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद पेशों में से एक पेशा माना जाता है।

सामान्य दिनों में जब पेशेवर डॉक्टर दूसरे मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं, तब अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल का उत्तरदायित्व नर्सों पर ही रहता है। इसलिए उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रोगियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बीमारी को नियंत्रित करने में मित्रवत व्यवहार करें तथा उनके प्रति स्नेहशीलता का परिचय दें। इसीलिए रोगियों की उचित देखभाल के लिए नर्सों का शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित तथा अनुभवी होना बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। समाज के लिए नर्सों के योगदान को चिन्हित करने के लिए ही प्रतिवर्ष 12 मई को विश्व नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां विकसित होती हैं और नई चुनौतियों का सामना करती हैं, नर्सों का योगदान अपूरणीय बना रहता है। यह दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के अमूल्य योगदान, मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें सराहना मिले तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को पुरस्कृत किया जाए। नर्सिंग ऐसा कार्यक्षेत्र है, जिससे जुड़े लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते। सरकारी और निजी अस्पतालों, सैन्य बलों, नर्सिंग होम, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ही जाता है। वैसे नर्सों का कार्य केवल मरीजों की देखभाल तक ही सीमित नहीं होता बल्कि योग्य नर्सों के लिए शैक्षिक, प्रशासनिक और शोध कार्यों से संबंधित अवसर भी उपलब्ध होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अमीर और गरीब दोनों प्रकार के देशों में प्रशिक्षित नर्सों की कमी है लेकिन विकासशील देशों में यह कमी कुछ अधिक देखने को मिलती है। विकसित देश अपने यहां नर्सों की कमी को अन्य देशों से नर्सें बुलाकर पूरा कर लेते हैं और उनको वहां पर अच्छा वेतन और सुविधाएं देते हैं, जिससे नर्सें विकसित देशों में जाने में देर नहीं करती। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लोभ में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती हैं, जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विकासशील देशों में नर्सों को अधिक वेतन और सुविधाओं की कमी रहती है और आगे का भविष्य भी अधिक उज्ज्वल नहीं दिखाई देता, जिससे वे विकसित देशों के बुलावे पर नौकरी के लिए चली जाती हैं। भारत में महानगरों तथा बड़े शहरों में चिकित्सा व्यवस्था कुछ ठीक होने के कारण इन इलाकों में नर्सों की संख्या में इतनी कमी नहीं है, जितनी कि छोटे शहरों और गांवों में है। किसी भी देश में नर्सों की कमी उस देश की खराब चिकित्सा व्यवस्था को बताती है। नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर पर भी पड़ता है। अच्छे वेतन और सुविधाओं के लिए पहले जितनी अधिक संख्या में प्रशिक्षित नर्सें विदेश जाती थी, आज उसमें कुछ कमी आई है। दरअसल आज सरकारी अस्पतालों में नर्सों को अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है और यही कारण है कि भारत से प्रशिक्षित नर्सों का पलायन कुछ हद तक रुका है। हालांकि तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में नर्सों की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है, जहां उन्हें लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है और फिर भी वे सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, जिनकी वे हकदार हैं। भारत में विदेश के लिए नर्सों के पलायन में पहले की अपेक्षा कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है।

## श्रीमुख से...

### लोग केवल राजनीतिक जुगाड़ मानेंगे



मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए, सरकार और मंत्रियों के कामकाज में समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित होती दिखाई देनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## विश्वास, उम्मीद व सेहत का जीव विज्ञान



अमेरिकी लेखक और एक्टिविस्ट हेलन केलर इंसानी क्षमता और संभावना की एक अंतर्राष्ट्रीय मिसाल हैं। बहरेपन और अंधेपन से ग्रसित हेलन केलर ने लिखा था, आशावाद वह विश्वास है जो कामयाबी की ओर ले जाता है। उम्मीद और भरोसे के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता। आशावाद को भविष्य में अच्छा और हितकर होने की सकारात्मक उम्मीद रखने के रूप में समझा जा सकता है। यह एक इंसानी खूबी है जिसे बेहतर सेहत और बेहतर जिंदगी से भी जोड़ कर देखा जाता है। आशावाद तय करता है कि हम भविष्य को कैसे देखते-सोचते हैं। यह एक मॉड्युलेटर की तरह काम करता है जो सकारात्मक संभावनाओं को थोड़ा बढ़ा-चढ़ा देता है और नकारात्मक विचारों और ख्यालों को दूर रखता है।

इस्राइली-ब्रिटिश तंत्रिका विज्ञानी ताली शारोट का अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत मनुष्य आशावादी हैं, लेकिन अधिकतर लोग 'थोड़े ही' आशावादी होते हैं। यह कहा जा सकता है कि आशावाद वास्तविकता से अलग, एकतरफा सोच दिखाता है। जैव-विकास ऐसी खूबी को क्यों तरजीह देगा जो आपको पूरी तरह निष्पक्ष रखने की बजाय एकतरफा ढंग से पूर्वाग्रह से लैस करे? वैज्ञानिकों के बीच आम राय यह है कि आशावाद की बदौलत अनुकूलन काफी ज़्यादा होता है, अर्थात आशावाद किसी जीव की उत्तरजीविता को बढ़ाता है। कल्पना कीजिए कई हजार साल पहले कोई महिला जिस तरह रहती थी। मान लीजिए वह एक गुफा के अंदर रहती है और उस समय उस क्षेत्र में सूखा पड़ रहा है। अगर वह बाहर भोजन (कोई खरगोश या फल से लदी झाड़ी) मिलने की संभाविता निकालकर निर्णय करे, तो शायद ही भोजन की तलाश में बाहर जाए।

ऐसे में निष्क्रिय रहना उसके लिए सही चुनाव रहता, क्योंकि इससे यहां-वहां भटकने में खर्च होने वाली ऊर्जा बचती। दूसरी ओर, (कुछ-न-कुछ मिल जाने की) उम्मीद उसे भोजन की तलाश के लिए बाहर निकलने की हिम्मत दे सकती है। बाहर कुछ-न-कुछ भोजन मिल जाने की संभावना ज्यादा मानकर, उसके पास कोशिश करने की ज्यादा संभावना होगी। किसी एक तरफ यह थोड़ा अधिक झुकाव उसे कोशिश करने के लिए बढ़ावा देता है, जिससे उसके जीने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इसकी भी एक सीमा है कि आप कितने आशावादी होकर इससे फायदा उठा सकते हैं। फायदे के लिए जो तरीका सबसे अच्छा काम करता है वह है एक सामान्य सकारात्मक सोच रखना, जिसे आशावादी स्वभाव कहा जाता है। असल जिंदगी में कुछ बुरा होने पर किसी निराशावादी व्यक्ति की प्रतिक्रिया होगी मैं जानता था, ऐसा ही होगा, जबकि आशावादी लोग कहेंगे कल बेहतर होगा। वर्ष 2007 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार यह लचीलापन आशावादी पूर्वाग्रह ऑप्टिमिज्म बायस से बना रहता है, जो मस्तिष्क में सूचनाओं की प्रोसेसिंग में गैर-बराबरी का परिणाम है मस्तिष्क द्वारा अच्छी बातों को ज्यादा अहमियत दी जाती है और बुरी बातों को कम। मस्तिष्क के अग्र और मध्य भाग का एक क्षेत्र है रोस्ट्रल एंटीरियर सिंगुलेट कॉर्टेक्स ACC जब आशावादी लोग अच्छे और सुखद भविष्य की कल्पना करते हैं तब यह क्षेत्र बहुत सक्रिय होता है। इस हिस्से में अधिक सक्रिय न्यूरॉन अच्छी संभावनाओं की एन्कोडिंग को आसान बनाते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक जानकारियों पर rACC कम प्रतिक्रिया देता है, परिणामस्वरूप असफलताओं का व्यक्ति की भविष्य की उम्मीदों पर कम असर पड़ता है। रिवाइज्ड लाइफ ओरिएंटेशन टेस्ट एक छोटा-सा परीक्षण है जिसका इस्तेमाल यह मापने के लिए किया जाता है कि किसी व्यक्ति में आशावादिता है या नहीं। इसमें स्थिति आधारित 10 वक्तव्य होते हैं जिन्हें आपको 0 से 4 के बीच अंक देने होते हैं पूरी तरह असहमत के लिए 0 से पूरी तरह सहमत के लिए 4 तक। मसलन, ऐसे वक्तव्य होते हैं कठिन परिस्थितियों में, अमूमन मैं अच्छे की उम्मीद रखता हूं और यदि कुछ बुरा होना है, तो होकर रहेगा। जिन लोगों में आशावादिता अधिक होती है, उनका हृदय अधिक स्वस्थ पाया गया है। बुजुर्गों में, आशावादी स्वभाव को न्यूरॉन्स का सुरक्षा कवच माना जाता है, जो मस्तिष्क को बुढ़ापे की मार से बचाता है। वर्ष 2024 में एजिंग एंड डिसीज जर्नल में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ब्रेन-डेराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर का उच्च स्तर बुढ़ापे में लचीलापन बढ़ाता है। बुढ़ाने के कारण भले ही कुछ न्यूरॉन्स खत्म होते जाते हैं, लेकिन BDNF बचे हुए न्यूरॉन्स को ज्यादा असरदार तरीके से एक-दूसरे से जोड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति की इंद्रियां चाक-चौबंद रहती हैं और दिमाग समझदार बना रहता है।

**-स्रोत फीचर्स**
**( डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन, सुशील चंदानी )**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

## दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि हमैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्न इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।


गुरुग्राम। हरियाणा में राज्य सरकार के खिलाफ अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित विरोध रैली के दौरान गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) के कर्मचारी बर्तन बजाते हुए।

## ईयू जल्द यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुकोस ने कहा कि हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने पहले कहा था कि यूक्रेन को इस कर्ज को तभी चुकाना होगा, जब उसे रूस से हर्जाने की रकम मिलेगी।

## एमवी होंडियस पर सवार अमेरिकी नागरिकों में से एक हंता वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** एमवी होंडियस क्रूज जहाज से स्वदेश लौटे 17 अमेरिकी नागरिकों में से कम से कम एक हंता वायरस से संक्रमित है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के 17 नागरिकों और यहां रहने वाले एक ब्रिटिश नागरिक को हंता वायरस संक्रमण की आशंका के बीच सोमवार तड़के विशेष निगरानी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के लिए नेब्रास्का लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस क्रूज जहाज पर सवार थे, जहां एंडीज वैरिएंट हंता वायरस संक्रमण का प्रकोप सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सामान्यतः कृन्तकों (रोडेंट्स) से फैलने वाला यह वायरस संभवतः जहाज पर मानव से मानव में भी फैला हो सकता है। अब तक जहाज से जुड़े तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

# ईरान के जवाबी प्रस्ताव को ट्रम्प ने पूरी तरह अस्वीकारा

## मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ीः ट्रम्प

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के जवाबी प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया और उसकी प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' करार दिया है। ट्रम्प ने सोमवार को एक पोस्ट में लिखा कि मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी है।

मुझे यह पसंद नहीं आई-पूरी तरह अस्वीकार्य! यह फटकार ऐसे समय में आई है जब दोनों पक्ष (जो अप्रैल से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं) ईरान के परमाणु कार्यक्रम और किसी भी संभावित युद्धविराम समझौते की शर्तों पर

**■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता**



एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से प्रस्तुत ईरान के जवाबी प्रस्ताव में कई व्यापक मांगें शामिल हैं जिनमे अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना, ईरान की जब्त संपत्तियों को मुक्त करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को औपचारिक मान्यता देना शामिल है। तेहरान ने अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल समाप्त करने और ईरानी क्षेत्र पर आगे कोई हमला न करने की गारंटी देने की भी मांग की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने 'फॉक्स न्यूज संडे' पर बोलते हुए कहा कि वाशिंगटन ने अपने प्रस्ताव में एक 'बहुत स्पष्ट लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इस रुख का नेतन्याहू ने भी समर्थन करते हुए कहा है कि संघर्ष की समाप्ति की घोषणा से पहले ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को 'नष्ट' किया जाना चाहिए।

# ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज

## अमेरिकी शांति प्रस्ताव का मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को दिए अपने जवाब में अमेरिकी शांति प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना होगा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने पहले बताया था कि अमेरिकी संदेश पर ईरान की प्रतिक्रिया युद्ध समाप्त करने और फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्ष समाधान के लिए अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की प्रतिक्रिया योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका को इस्लामिक गणराज्य को युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा। मई की शुरुआत में ईरानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14 सूत्री प्रस्ताव के संबंध में पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका से जवाब मिला है। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के प्रस्तावों का पाठ, जिसे तेहरान ने वाशिंगटन को भेजकर जवाब दिया था, में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण और विदेशों में ईरानी संपत्तियों को मुक्त



**■ पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान का प्रस्ताव उदार और तार्किक**

करने के प्रावधान शामिल हैं। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में बाद की बातचीत बेनतीजा रही, शत्रुता के फिर से शुरू होने की कोई खबर नहीं मिली, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। मध्यस्थ बातचीत के एक नए दौर का आयोजन करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं ईरान ने यह भी कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव 'उदार और तार्किक' था, जबकि अमेरिका अब भी इजरायल की सोच से प्रभावित 'अवास्तविक मांगों' पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गई, वह 'हद से ज्यादा' नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था। उन्होंने कहा कि हमने किसी प्रकार की रियायत की मांग नहीं की। हमने केवल ईरान के वैध अधिकारों की बात की है। बघाई ने सवाल किया कि क्या क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने, ईरानी जहाजों के खिलाफ 'समुद्री डकैती' रोकने तथा वर्षों से अवरुद्ध ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग अनुचित कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का हमारा प्रस्ताव अवास्तविक है? क्या पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करना गैर-जिम्मेदाराना है? इससे पूर्व, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा और उसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' पाया। ट्रम्प ने समाचार पोर्टल एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ईरान के जवाब पर बेंजमिन नेतन्याहू से भी चर्चा की है।

## होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** होर्मुज स्ट्रेट में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी। इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काजम ग़रीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक 'पूर्णतः रक्षात्मक' मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा। इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है।

## बिग कैट संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट सहयोग जरूरीः भूपेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। यादव ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तत्वाधान में आयोजित 'वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्योग और समाज का भविष्य तथा विजन फॉर इंडिया-100' सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि भारत एक और दो जून को पहले अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा है कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। उन्होंने उद्योग जगत से बिग कैट संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों बाघ, शेर, चीता, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

## चीनी तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की।

एजेंसी के बयान में कहा गया कि चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि यह प्रक्षेपण सफल रहा।

अंतरिक्ष यान में बाहरी अंतरिक्ष गतिविधि के लिए एक स्पेससूट, अंतरिक्ष यात्रियों के रहने के लिए आवश्यक सामग्री, ईंधन और प्रयोगात्मक उपकरण हैं। यह यान बाद में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। यह प्रक्षेपण चांग झेंग ('लॉन्ग मार्च') शृंखला के 641वें और तियांगोंग परियोजना के 39वें प्रक्षेपण का

**■ लगभग 10 मिनट बाद तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया**
**■ स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ**

प्रतीक है। चीन ने तियांगोंग राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण 29 अप्रैल 2021 को शुरू किया, जब तियान्हे मुख्य मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ। तियांगोंग स्टेशन की मौजूदा टी-आकार संरचना में तियान्हे मुख्य मॉड्यूल और इसके साथ जुड़े दो प्रयोगशाला मॉड्यूल, वेंतियान और मेंगतियान शामिल हैं। तीनों मॉड्यूल का संयुक्त वजन लगभग 69 टन है। स्टेशन का कुल आवासीय स्थल लगभग 110 घन मीटर है और इसमें एक समय में तीन अंतरिक्ष यात्री समायोजित कर सकता है या क्रू रोटेशन के दौरान छह लोग रह सकते हैं।

## चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैधः चीन

**बीजिंग।** चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को 'अवैध' एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गए एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि

**■ जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया हैः गुओ**

बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मजबूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है। इस समय सबसे जरूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाए।

# ईरान का क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन जारीः नेतन्याहू

## ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक 'खत्म नहीं होगा', जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' को दिए साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन



**■ ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है**

करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि अब भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी व्यावहारिक व्यवस्था के तहत संवर्धित यूरेनियम को वहां से से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कोई समझौता है और आप अंदर जाकर उसे बाहर निकाल लेते हैं, तो क्यों नहीं? यही सबसे अच्छा तरीका है। नेतन्याहू इस बात से सहमत हैं कि समझौता होना चाहिए, लेकिन परमाणु मुद्दा समझौता-योग्य नहीं है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका का रुख है कि किसी भी व्यापक शांति ढांचे के तहत ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से रोकना होगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में शांति प्रस्ताव पर ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया था। वहीं ईरान ने संवर्धन को पूरी तरह से रोकने की मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के तहत कुछ सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। नेतन्याहू ने एक संभावित दृष्टिकोण की रूपरेखा भी पेश की है। इसमें कूटनीति अगर विफल रहती है तो संवर्धित यूरेनियम को भौतिक रूप से हटाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने 'सैन्य विकल्पों' का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने सीमित अवधि के लिए संवर्धन स्थगित करने की इच्छा जताई है, हालांकि यह अमेरिका के प्रस्तावित 20 साल के प्रतिबंध की तुलना में कम अवधि के लिए है। साथ ही ईरान ने अपने परमाणु बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की बात को खारिज कर दिया है।

## टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में लगी आग

**काठमांडू।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था।

## कुब्रा सैत ने फिल्म 'रेडी' से की बड़ी शुरुआत



**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत आज भले ही 'सैक्रेड गेम्स' में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में कुब्रा सैत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फिल्म 'रेडी' में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बघ्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेजी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए।

### सोनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी डेलनाज ईरानी

**मुंबई।** अभिनेत्री डेलनाज ईरानी सोनी सब के शो यादें में अहम भूमिका निभाएगी। सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज ईरानी शो में खास भूमिका निभाने जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर डेलनाज ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। कभी लाखों लोगों की चहेती रही चांदनी आज भी अपने ग्लैमर, शोहरत और चाहने वालों की दुनिया में जीती है।

